# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 182 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 31 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





नई दिल्ली में विवेकानंद कॉलोनी, चाणक्यपुरी में चल रहे जल संकट के बीच निवासी टैंकर से पीने का पानी इकट्ठा करते हुए।

## कर्नाटक में 85 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में दो सरकारी अधिकारी निलंबित

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड (केएमवीएसटीडीसीएल) में 85 करोड़ रुपये की हेराफेरी के आरोप में गुरुवार को इसके प्रबंध निदेशक जेजी पद्मनाभ और लेखा अधिकारी जी परशुराम को विभागीय जांच होने तक निलंबित कर दिया। सरकारी आदेश में बताया गया है कि पांच मार्च से 23 मई के बीच अज्ञात व्यक्तियों ने निगम के बैंक खाते से बड़ी धनराशि निकाली। पद्मनाभ हालांकि, 22 मई को धोखाधड़ी वाले हस्तांतरण के बारे में पता होने के बावजूद 27 मई तक सरकार को सूचित करने में विफल रहे, जिसके कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया। आदेश में द्मनाभ की इस बात पर आलोचना की गयी है कि जब जाली दस्तावेजों के माध्यम से 14 गुमनाम खातों में 86.62 करोड़ रुपयों का हस्तांतरण किया गया तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा, पद्मनाभ ने बताया कि वापस की गयी धनराशि का स्रोत बताये बिना निगम के खाते में पांच करोड़ रुपये लौटा दिये गये थे।

## पुरी में जगन्नाथ चंदन यात्रा के दौरान पटाखों में विस्फोट :3 की मौत, 32 घायल

पुरी। ओडिशा के पुरी में बुधवार (29 मई) रात भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने के हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 32 लोग घायल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेंद्र पुष्करिणी सरोवर के तट पर इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान कुछ श्रद्धालु आतिशबाजी करने लगे। तभी एक चिंगारी पटाखों के ढेर पर गिरी और उसमें धमाका हो गया। शुरुआत में 15 लोगों के घायल होने की खबर आई थी, इनमें से चार की हालत गंभीर थी। इन्हीं में से तीन ने दम तोड़ दिया है। जगन्नाथ मंदिर हिंदुओं के चार धामों में से एक माना जाता है। ओडिशा के पुरी में स्थित यह विश्व प्रसिद्ध मंदिर भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण को समर्पित है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु पूरी दुनिया से भगवान के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर 800 साल से भी ज्यादा पुराने हैं। मंदिर में महाप्रभु श्री जगन्नाथ, बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई महाप्रभु बलभद्र की पूजा की जाती है। मंदिर में तीनों देवी-देवताओं की मूर्तियां एक साथ विराजमान हैं।

# जम्मू में बस खाई में गिरी 22 की मौत, 69 घायल

### यूपी-राजस्थान के 90 तीर्थयात्री सवार, हाथरस से शिव खोड़ी जा रहे थे



श्रीनगर। जम्मू के अखनूर में गुरुवार दोपहर तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। 69 लोग घायल हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। घायलों को जम्मू के अखनूर अस्पताल और सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा जम्मू-पुंछ राजमार्ग पर हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस में उत्तर प्रदेश के हाथरस के अलावा राजस्थान के करीब 90 लोग सवार थे। सभी हाथरस से शिव खोड़ी जा रहे थे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है।

इधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति मुर्मू ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ङ्क पर लिखा, जम्मू के पास अखनूर में एक बस दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। मृतकों के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

### 6 महीने पहले भी ऐसा हादसा हुआ था

15 नवंबर 2023 को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के अस्सार इलाके में एक बस 300 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। हादसे में 9 महिलाओं समेत 38 लोगों की मौत हुई थी। बस किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों के साथ स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव का काम किया था। बस बुरी तरह डैमेज हो गई थी इसलिए इसे काटकर डेड बॉडी और घायलों को बाहर निकालना पड़ा था। घायलों को किश्तवाड़ जिला अस्पताल और डोडा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। कुछ लोगों को जम्मू एयरलिफ्ट किया गया था।

# पुणे पोर्श केस-मां से बदला गया नाबालिग का ब्लड सैंपल

### आरोपी डॉक्टर का कबूलनामा- 50 लाख में डील हुई, पहली किस्त के 3 लाख मिले थे

पुणे। ससून अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉ तावरे, चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ श्रीहरि हलनोर और स्टाफ अतुल घाटकांबले को आरोपी का ब्लड सैंपल बदलने के आरोप में 27 मई को गिरफ्तार किया था। पुणे पोर्श हादसे के मामले में पुलिस ने कोर्ट में बताया है कि नाबालिग आरोपी के ब्लड सैंपल को किसी महिला के सैंपल से बदला गया था, ताकि ये दिखाया जा सके कि घटना के वक्त वह नशे में नहीं था। पुलिस का कहना है कि अभी उस महिला की पहचान होनी बाकी है,



जिसका ब्लड सैंपल लिया गया, हालांकि एक सरकारी सूत्र ने बताया कि यह महिला और कोई नहीं, आरोपी की मां ही है। पुलिस ने पुणे कोर्ट से मांग की थी कि ब्लड सैंपल बदलने वाले दोनों डॉक्टरों और अस्पताल के कर्मचारी की कस्टडी बढ़ाई जाए। इसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए तीनों की कस्टडी 5 जून तक बढ़ा दी।

इससे पहले, आरोपी डॉक्टरों में शामिल डॉ. हलनोर ने पूछताछ में बताया कि ब्लड सैंपल बदलने के लिए आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल और उनके बीच 50 लाख रुपए की डील हुई थी। विशाल अग्रवाल ने डॉ. अजय तावरे से संपर्क किया था। हादसे के बाद दोनों के बीच 15 बार वॉट्सऐप पर बातचीत हुई। लेनदेन की पूरी बात वॉट्सऐप कॉल पर ही की गई। तावरे के कहने पर विशाल अग्रवाल ने पहली किस्त के 3 लाख रुपए दिए थे।

पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 18-19 मई की रात 17 साल 8 महीने के एक लड़के ने ङ्कञ्ज सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के समय आरोपी नशे में था। वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कार चला रहा था।

### डॉ हलनोर को ढाई लाख रुपए मिले

डील के 50 लाख रुपए में से ढाई लाख रुपए मुझे और 50 हजार रुपए स्टाफ अतुल घाटकांले को मिले। इस मामले में एक पूर्व पुलिस अधिकारी के भी शामिल होने की चर्चा है। उसने भी आरोपी को बचाने की कोशिश की। डॉ. तावरे ससून अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन डिपार्टमेंट का प्रमुख और डॉ. हलनोर चीफ मेडिकल ऑफिसर था। दोनों को बुधवार (29 मई) को सस्पेंड कर दिया गया। अस्पताल के डीन डॉ विनायक काले को छुट्टी पर भेज दिया गया है।

## सेक्स स्कैंडल का आरोपी प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी से भारत लौटा

### एसआईटी ने कस्टडी में लिया, सीआईडी ऑफिस लाया गया

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी से भारत पहुंच गए हैं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के कुछ देर बाद ही एसआईटी ने उसे कस्टडी में ले लिया। प्रज्वल को यहां से सीआईडी ऑफिस लाया गया, जहां उसे रातभर रखा जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल से सबसे पहले शुक्रवार को पूछताछ की जाएगी। इसके बाद उसका मेडिकल टेस्ट कराया जाएगा। प्रज्वल को मजिस्ट्रेट कोर्ट में भी पेश किया जाएगा। यहां पुलिस उसकी कस्टडी की मांग करेगी। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम उसका ऑडियो सैंपल भी लेगी, जिससे पता लगाया जाएगा कि वायरल सेक्स वीडियो में आ रही आवाज प्रज्वल की है या नहीं।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, प्रज्वल जर्मनी के म्यूनिख से बेंगलुरु के लिए फ्लाइट में बिजनेस क्लास का टिकट बुक किया था। भारत आने से पहले उसकी ओर से सेशंस कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। प्रज्वल के खिलाफ 3 महिलाओं के उत्पीड़न के 3 मामले दर्ज हैं।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर विशेष अदालत ने ईडी से किया जवाब तलब

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया। राउज एवेन्यू स्थित ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।



केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाली उनकी याचिकाओं पर अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए समय देने की गुहार लगाई थी। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को रिहा हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इस मामले में विशेष अदालत में पहली बार जमानत याचिका दायर की है। अंतरिम जमानत देते हुए शीर्ष अदालत ने उन्हें दो जून को उन्हें जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने का भी निर्देश दिया था। विशेष अदालत के समक्ष श्री केजरीवाल ने नियमित जमानत याचिका के अलावा अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए सात दिन की अंतरिम जमानत की भी अदालत से गुहार लगाई है।

# जम्मू-कश्मीर में पुलिस-सेना के बीच मारपीट

### 3 ले. कर्नल समेत 16 लोगों पर हत्या की कोशिश का केस; कुपवाड़ा थाने पर हमला किया था

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में पुलिस स्टेशन में सेना और पुलिस के बीच मारपीट हुई थी। पुलिस स्टेशन पर हमला करने के आरोप में 3 लेफ्टिनेंट कर्नल समेत 16 लोगों पर जान से मारने की कोशिश यानी अटेम्प्ट टु मर्डर की स्न्ढ्डक्रदर्ज की गई है।

घटना मंगलवार 28 मई की रात को हुई थी। बताया जा रहा है कि एक ड्रग केस में पुलिस ने 160 टेरिटोरियल आर्मी के एक जवान से पूछताछ की थी। इस बात से सेना के अधिकारी नाराज हो गए। बड़ी संख्या में वर्दीधारी और हथियारों से लैस जवान पुलिस स्टेशन में दाखिल हो गए। उनके साथ सीनियर सैन्य अधिकारी भी थे।



### पुलिस का दावा- सेना के अधिकारियों ने राइफल बट, छड़ियों और लातों से मारा

एफआईआर के मुताबिक, आर्मी के ग्रुप की अगुआई लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजीव चौहान और निखिल कर रहे थे। ये तीनों अधिकारी जबरन पुलिस स्टेशन में दाखिल हुए और राइफल की बट, छड़ियों और लातों से वहां मौजूद पुलिस कर्मचारियों पर हमला कर दिया।

एफआईआर में लिखा गया है कि सेना के जवानों ने अपने हथियार लहराए, घायल पुलिस वालों के मोबाइल फोन छीन लिए और एक पुलिस वाले का अपहरण करके मौके से फरार हो गए।

सीनियर पुलिस अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी को सेना की गिरफ्त से छुड़ाया और हमला करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की।

यह एफआईआर आईपीसी के सेक्शन 186 (पब्लिक सर्वेंट की ड्यूटी में बाधा डालना), 332 (ड्यूटी करने से रोकने के लिए पब्लिक सर्वेंट को चोट पहुंचाना), 307 (मर्डर की कोशिश), 342 (बंधक बनाना), 147 (दंगा करना) के तहत दर्ज की गई है।

आरोपियों पर सेक्शन 149 (गैरकानूनी तरीके से जमा हुई भीड़ के सभी लोग गलत काम करने के दोषी), 392 (चोरी करने की सजा), 397 (जान से मारने या गंभीर रूप से चोट पहुंचाने की कोशिश के साथ चोरी या डकैती करना) और 365 (किसी व्यक्ति को बंधक बनाने के उद्देश्य से उसका अपहरण करना) के तहत भी चार्ज लगाया गया है।

## लोक सभा के सातवें एवं अंतिम चरण का चुनाव प्रचार थमा, एक जून को होगा मतदान

नयी दिल्ली। भीषण गर्मी और राजनीतिक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ तीखे बयानों से भरा अठारहवीं लोक सभा चुनाव के लिये करीब दो महीने तक चला चुनाव प्रचार का सिलसिला गुरुवार शाम छह बजे थम गया। चुनाव के प्रचार थमने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को कन्याकुमारी पहुंच गए। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर (कन्याकुमारी मंदिर) में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद विवेकानंद शिला जाकर एक जून तक ध्यान लगायेंगे। इन चुनावों में सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिये मतदान शनिवार को होगा। इसके साथ ही उसी दिन ओडिशा विधानसभा के चौथे और अंतिम चरण में 42 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा। नियमों के तहत इन सीटों पर सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पहले आज शाम छह बजे शाम छह बजे थम गया। प्रचार अभियान में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने कांग्रेस और अन्य दलों के इंडिया समूह पर परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को लेकर आक्रमण किया। विपक्ष ने भाजपा नीत सरकार पर चुनावी बॉंड में भ्रष्टाचार, धार्मिक विभाजन की राजनीति और विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के इस्तेमाल के साथ-साथ संविधान को बदलने का मंसूबा रखने के आरोप लगाये। सातवें चरण के आम चुनाव के लिये सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा उनके घटक दल के नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के लिये सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया।

**मानसून** | राजधानी में हीटस्ट्रोक से पहली मौत, बीमार शख्स को 107 बुखार था

# केरल पहुंचा मानसून, 27 जून तक दिल्ली आने की संभावना

नई दिल्ली। देश के 7 राज्यों में गुरुवार (30 मई) को हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के कुछ हिस्सों, बिहार, झारखंड, ओडिशा शामिल हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में ऑरेंज अलर्ट है।

उत्तर-पश्चिमी राज्यों में भीषण गर्मी के बीच राहत की खबर आई है। केरल में मानसून पहुंच चुका है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में भी मानसून की एंट्री हो चुकी है। दिल्ली में मानसून 27 जून तक आएगा।

इस बार मानसून पूर्वानुमान के एक दिन पहले आया है। आईएमडी ने 31 मई तक इसके केरल में पहुंचने की संभावना जताई थी। मानसून जल्दी आने का कारण रेमल साइक्लोन बताया जा रहा है, जो 26 मई को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में आया था।

इससे पहले 30 मई, 2017 को साइक्लोन मोरा के कारण मानसून समय से पहले आया था। 2023 में केरल में मानसून की एंट्री सात दिन की देरी के बाद 8 जून को हुई थी।



आमतौर पर केरल में 1 जून को मानसून प्रवेश करता है और 5 जून तक देश के अधिकांश हिस्से को कवर कर लेता है।

### दिल्ली में गर्मी के कारण पहली मौत

दूसरी तरफ, दिल्ली में गर्मी से हीटस्ट्रोक के कारण आज पहली मौत दर्ज की गई। 40 साल के एक व्यक्ति ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसे सोमवार (27 मई) की रात भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने बताया कि वह बिना कूलर या पंखे वाले कमरे में रह रहा था और उसे तेज बुखार था।

डॉक्टर के मुताबिक, मृतक के शरीर का तापमान 107 डिग्री फारेनहाइट पहुंच गया था, जो सामान्य से लगभग 10 डिग्री ज्यादा है। व्यक्ति बिहार के दरभंगा का रहने वाला था और दिल्ली में मजदूरी करता था।

दिल्ली में बुधवार (29 मई) को अलग-अलग जगहों पर तापमान 45.2 डिग्री से 49.1 डिग्री के बीच रहा। हालांकि, कल दोपहर में आईएमडी ने जानकारी दी थी कि दिल्ली के मुंगेशपुर में तापमान 52.3 डिग्री पहुंच गया है। हालांकि, रात में बताया गया कि 52.3 डिग्री का डेटा गलत था।

दिल्ली समेत देश के 11 शहरों में बुधवार (29 मई) को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया। हरियाणा के रोहतक में सबसे ज्यादा 48.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। दिल्ली के रिज में 47.3 डिग्री तापमान रहा।




P- 3


नोएडा में मनी लॉन्ड्रिंग में जीआईपी की अनसोल्ड




P- 4


सोनभद्र में मासूम से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद




P- 5


हमास को मिटाकर ही दम लेगा इजराइल, भले ही खून की नदियां क्यों न




P- 6


इंडिया गठबंधन करेगा पीएमका चयन 48 घंटे में : जयराम



### हैप्पी मॉर्निंग

महिला- ये लिपस्टिक कितने की है? दुकानदार - 17 रुपये की। महिला - मैं 50 रुपये से एक रुपया भी ऊपर नहीं दूंगी, देना है तो दो। दुकानदार - बहन जी आपने लगता है गलत सुना, मैंने 70 नहीं 17 रुपये बोला है। ओह, फिर तो 12 रुपये में देना है तो बात करो।



### शायरी

दिन प्रतिदिन हर तरह के प्रदूषण को बढ़ा रहे है
चंद कागज के टुकड़ों के खातिर कितना दुख उठा रहे है

### अर्थसार

सेंसेक्स:
73,885.60
-617.30 (0.83%)
निफ्टी:
22,488.65
-216.05




### मौसम



अधिकतम : 46 डिग्री से0
न्यूनतम : 31 डिग्री से
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 28
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 17

# संपादकीय



## महिला सुरक्षा : सामाजिक और कानूनी दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण मुद्दा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

महिला सुरक्षा भारत में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दा है। बढ़ती घटनाओं और अपराधों के बीच, महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करना केवल कानून और प्रशासन का काम नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस संपादकीय में हम महिला सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे और उन उपायों पर विचार करेंगे, जो महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बना सकते हैं।

### कानूनी परिप्रेक्ष्य

भारतीय संविधान और विभिन्न कानूनों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रावधान किए हैं। उदाहरण के लिए, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम ने महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं। फिर भी, कानूनी ढांचे को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। अधिक सख्त कानून और शीघ्र न्यायिक प्रक्रियाएं अपराधियों को दंडित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

**सजदा उन्हें किया जाता है, जिनमें कुछ खास बात होती है,**
**औरत वही जो समाज के हर रूप में अपने हक की बात होती है।**

### प्रशासनिक उपाय

महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी सुधार की आवश्यकता है। पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को संवेदनशीलता और जागरूकता के साथ महिलाओं के मामलों को संभालने की आवश्यकता है। महिला हेल्पलाइन, विशेष महिला पुलिस थाने, और सुरक्षा एप्स जैसे उपायों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

### सामाजिक जागरूकता

कानून और प्रशासनिक उपाय तभी प्रभावी हो सकते हैं जब समाज का समर्थन प्राप्त हो। महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता की भावना को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। परिवार, स्कूल, और समुदाय में महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के महत्व पर शिक्षा दी जानी चाहिए।

**आँगन में खिलते फूल की महक न जाने पाएं,**
**उसकी हिफाजत में हम सबका हक बन जाए**

### तकनीकी समाधान

तकनीक ने महिलाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जीपीएस-नियंत्रित एप्स, आपातकालीन अलर्ट सिस्टम, और निगरानी कैमरे जैसी तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा सकता है। सरकार और निजी कंपनियों को मिलकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए अधिक प्रभावी तकनीकी समाधान विकसित करने चाहिए।

### महिला सशक्तिकरण

महिलाओं को सशक्त बनाना, उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा, रोजगार के अवसर, और स्व-रक्षा प्रशिक्षण जैसी पहलें महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और आत्मरक्षा के लिए तैयार करती हैं।

**जिनके हौसलों में जान होती है,**
**उनकी नजरों में ही पहचान होती है।**

### नीतिगत सुधार

महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सरकार को नीतिगत स्तर पर सुधार की आवश्यकता है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार के अवसर, और शिक्षा तक पहुंच महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद करती हैं। सरकार को महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं और कार्यक्रम लागू करने चाहिए, जो उनकी सुरक्षा और विकास को प्राथमिकता दें।

### निष्कर्ष

महिला सुरक्षा केवल एक कानूनी या प्रशासनिक मुद्दा नहीं है, यह एक व्यापक सामाजिक समस्या है, जिसे सामूहिक प्रयासों से हल किया जा सकता है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनी सुधार, प्रशासनिक उपाय, सामाजिक जागरूकता, तकनीकी समाधान, और महिला सशक्तिकरण के पहलुओं को समेकित रूप से लागू करना आवश्यक है। समाज के हर वर्ग को मिलकर एक सुरक्षित और समानता-सम्पन्न वातावरण बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए, ताकि महिलाएं बिना किसी भय के स्वतंत्र और सशक्त जीवन जी सकें।

**जिस समाज में नारी का सम्मान नहीं होता,**
**वहाँ कभी सच्चा विकास नहीं होता।**

महिला सुरक्षा पर एक सामूहिक और समर्पित दृष्टिकोण ही हमारी बेटियों, बहनों, और माताओं को सुरक्षित और सम्मानित जीवन देने का मार्ग है।

## वो बरगद का पेड़

बूढ़े बरगद के नीचे हम आएं,
ठंडी-ठंडी छांव में बैठ जाएं,
दुपहरी हमें ना सताए,
हम खेलकूद उधम खूब मचाएं।

अवकाश विद्यालय का वही मनाएं,
पंचायत बैठा मित्रों को बुलाएं,
भोजन मस्त शीतल बयार में खाएं,
गाना अपने मन का गाएं ।

घनेरी हरी-हरी पत्तियों को देखते जाएं,
धरती पर ही ज्यों त्यों सो जाएं,
खुले आसमान को निहार आनंद पाएं,
अपने नवीन सपनों को सजाएं ।

याद है बचपन की वो बातें,
जो दादी-नानी से किस्से सूने पुराने,
हमारे पूर्वज भी थे बूढ़े बरगद के दीवाने,
बीत गए वो बचपन के दिन सुहाने ।
छूटा गांव छूटा बूढ़ा बरगद,

यादें ज़िन्दा दिल के कोने में बंद,
प्रेम बिखराता निरंतर सुखद,
इंतजार कर रहा हमारा बूढ़ा बरगद ।

अनगिनत पक्षियों का बसेरा,
मुस्कुराता अकेले ही घनेरा,
बूढ़ा बरगद लाता खुशियों का सवेरा,
देख जिसे खिल जाता था मन मेरा ।



मोनिका डागा 'आनंद'
चेन्नई , तमिलनाडु

## विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस -31 मई 2024

# नशे में तबाह होती जिन्दगियों को बचाना होगा





बेशक 31 मई 2022 को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषत: महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है।

सरकार की नीतियां भी दोगली है। लेकिन तेलंगाना सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, वह सुखद है। ऐसे गुटखों या पान मसालों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। हालांकि, अभी यह पाबंदी एक वर्ष के लिए है, शायद आगे इसकी समीक्षा होगी और उसके बाद राज्य सरकार स्थायी प्रतिबंध का फैसला करेगी। ऐसे निर्णय केन्द्र सरकार एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों को भी लेने चाहिए। क्योंकि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में, तेलंगाना में लगा प्रतिबंध कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात है। तेलंगाना अगर अपनी सीमा में प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करे, तो उसके पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को भी सहयोग के लिए खड़ा होना पड़ेगा। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया।

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग नशे के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। नशा आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए?

भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है।

नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम एक स्वस्थ नहीं, बल्कि बीमार राष्ट्र एवं समाज का ही निर्माण कर रहे हैं। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं।

नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। नशे की ओर बढ़ रही युवापीढ़ी बौद्धिक रूप से दरिद्र बन जाएगी।


गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू सेवन कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदयघात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीति, विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि।

तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। डब्ल्यूएचओ के अनुसार धूम्रपान की लत से हर साल लगभग 60 लाख लोग मारे जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मौतें कम तथा मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है।

लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। स्कूलों के बाहर नशीले पदार्थों की धडल्ले से बिक्री होती है, किशोर पीढ़ी धुए में अपनी जिन्दगी तबाह कर रही है। हजारों-लाखों लोग अपने लाभ के लिए नशे के व्यापार में लगे हुए हैं और राष्ट्र के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चमड़े के फीते के लिए भैंस मारने जैसा अपराध कर रहे हैं। बढ़ती तम्बाकू प्रचलन की समस्या विश्व की दूसरी समस्याओं में सबसे देरी से जुड़कर सबसे भयंकर रूप से मुखर हुई है। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है। अगर आंकड़ों को सम्मुख रखकर विश्व मानचित्र (ग्लोब) को देखें, तो हमें सारा ग्लोब नशे में झूमता दिखाई देगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3198




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3197 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

अपने पति की हत्या के मामले में कटघरे में खड़ी महिला से न्यायाधिश ने कहा- आपको अपनी सफाई में क्या कहना है?

महिला : मैं क्या कह सकती हूँ, मेरे यहाँ सफाई तो नौकरानी करती है। इस विषय में इससे ज्यादा जानकारी तो वही दे सकती है।

□ □ □

रमन (प्रेमिका) से- गीता, प्लीज मुझसे शादी के लिए हाँ कर दो ना....! मैं तुम्हारी हर छोटी-छोटी इच्छाओं को पूरी करूँगा।

प्रेमिका बोली- ये सब तो ठीक है, परंतु मेरी उन बड़ी इच्छाओं का क्या होगा? उसे कौन पूरा करेगा दूसरा पति।

□ □ □

एक बार तीन नीग्रो जंगल में जा रहे थे। घने जंगल के रास्ते में उन्हें भगवान मिले। भगवान ने उन्हें एक-एक वरदान माँगने के लिए कहा।

पहला बोला- मुझे गोरा बना दो।

भगवान- तथास्तु।


दूसरा बोला- मुझे भी गोरा बना दो।

भगवान ने कहा- तथास्तु।

अब तीसरे नीग्रो के माँगने की बारी थी। उसने वरदान माँगा- इन दोनों को फिर से काला-काला बना दो।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3198



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१. राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3197



## सूडोकु -3198


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3197 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3198



**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोडा,कम-2
3.कपडों के टुकडे-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पडोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली -3197 का हल



# नोएडा में 4 जून तक मौसम में दिखेगा उतार-चढ़ाव

## अधिकतम तापमान 45 डिग्री रहेगा, आंशिक बादल छाने की उम्मीद; बनाया रेन बसेरा

एजेंसी

नोएडा। नोएडा में 4 जून तक मौसम में उतार चढ़ाव रहेगा। 1 जून को तेज हवा के साथ बारिश होगी। इससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। वहीं गुरुवार को दिन भर बादल और धूप का खेल होगा। अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक रहेगा।

बुधवार शाम को नोएडा में बारिश हुई। इसका असर ये हुआ कि नोएडा में आगामी 4 जून तक मौसम में उतार छड़ाव देखने को मिलेगा। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहेगा। दिन भर धूप और हल्के बादल भी छाएंगे। यही स्थिति 31 मई को भी रहेगी। इसके बाद 1 जून को गरज के साथ बारिश के आसार है।

जिससे तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट आएगी। अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री तक रहेगा। 2 से लेकर 4 जून तक तेज धूल भरी आंधी चलेंगी। फिलहाल बुधवार शाम को बारिश ने लोगों को थोड़ी राहत ज़रुर दी।

कई स्थानों पर हल्की तो कही पर तेज रफ्तार से बारिश हुई। बारिश और तेज हवा से कई स्थानों पर लोकल फाल्ट हुई जिससे बिजली सप्लाई बाधित हुई। बताया गया कि बारिश के दौरान थोड़ी देर के लिए सप्लाई डिमांड कम हुई लेकिन बाद में दोबारा से करीब 2400 मेगावॉट के आसपास डिमांड रही।

सिविल, जल, उद्यान और विद्युत विभाग के कर्मी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक फील्ड पर नहीं आएंगे। इनकी ड्यूटी टाइमिंग सुबह 6 से सुबह 10 बजे तक और शाम को 4 से रात 8 बजे तक की होगी।

इसी तरह जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की डियूटी सुबह 6 से दोपहर 12 तक ही होगी। ये टाइमिंग जब तक मौसम और तापमान में बदलाव नहीं होता तब तक जारी रहेगी।

नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में काम करने वाले बिल्डर साइट के श्रमिक और लेबर भी सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक ही काम करेंगे। इसके अलावा 60 व्यक्तियों के लिए सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम में एक रेन बसेरा भी बनाया जा रहा है।

जिसका काम आज पूरा कर लिया जाएगा। इसमें आराम करने के साथ पेय जल और वाटर कूलर का इंतजाम किया जा रहा है।

## तीन खिलाड़ियों ने जीते सात पदक

ग्रेटर नोएडा। रात नहीं ख्वाब बदलता है, मंजिल नहीं कारवां बदलता है, जज्बा रखो जीतने का क्योंकि, किस्मत बदले न बदले पर वक्त जरूर बदलता है। इन लाइनों को सार्थक किया है जिले के रोलर स्केटिंग के तीन खिलाड़ियों प्रिंस चौधरी, शास्वत उपाध्याय व वैष्णवी उपाध्याय ने। तीनों खिलाड़ी खेल सुविधाओं के अभाव में जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। हाल ही में गाजियाबाद में आयोजित होने वाली पांचवीं यूपी ओपन राज्य रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भी इन्होंने सात पदक हासिल किए हैं।

# शार्ट न्यूज

## फिक्स चार्ज के नाम पर लाखों रुपये की वसूली

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की इको विलेज वन सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर पर फिक्स चार्ज के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। आरोप है कि फिक्स चार्ज के नाम पर बिल्डर हर माह 10 से 15 लाख रुपये अतिरिक्त वसूल रहा है। जबकि एनपीसीएल को हर माह करीब 4 लाख रुपये फिक्स चार्ज दिया जा रहा है। निवासियों ने इसकी शिकायत एनपीसीएल के साथ प्राधिकरण व यूपी रेरा से की है। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में करीब 8 हजार फ्लैट हैं। फिलहाल करीब 6500 परिवार रह रहे हैं। उनके लिए एनपीसीएल से बिल्डर ने सोसाइटी में 4300 किलोवाट का कनेक्शन लिया है। फरवरी माह में एनपीसीएल ने फिक्स चार्ज के रूप में 397708 रुपये जमा किए हैं। जबकि सोसाइटी के निवासियों से करीब 17 लाख रुपये का फिक्स चार्ज लिया गया है। आरोप है कि बिल्डर ने सोसाइटी के 6500 फ्लैटों में 16 हजार किलोवाट से अधिक भार के कनेक्शन दे रखे हैं। हर फ्लैट में औसतन ढाई किलोवाट का कनेक्शन है। उस हिसाब से हर माह करीब 17 लाख फिक्स चार्ज वसूला जा रहा है। ऐसे में हर माह करीब 12 लाख की बचत हो रही है। यह धनराशि बिल्डर के पास जा रही है।

## साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की जूता फैक्टरी में लगी भीषण आग, सात घंटे बाद पाया काबू

साहिबाबद । साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 में मदन मोहन मालवीय मार्ग पर जूता बनाने की फैक्ट्री में बुधवार देर रात आग लग गई। सूचना पर साहिबाबाद स्टेशन से अग्निशमन की दो गाड़ियां और वैशाली स्टेशन से तीन गाड़ियों के साथ टीम मौके पर पहुंची। बेसमेंट से फैक्टरी परिसर में पहले आग को दमकल कर्मियों ने सात घंटे में काबू किया। बृहस्पतिवार तड़के तक मुख्य अग्निशमन अधिकारी और उनकी टीम मौके पर डटी रही। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 में स्टाइलशोर ई मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जूता बनाने की फैक्टरी है। बुधवार रात करीब 11:45 बजे फैक्टरी परिसर के बेसमेंट में आग लगने की सूचना मिली थी। तुरंत साहिबाबाद स्टेशन से दमकल की दो गाड़ी और वैशाली फायर स्टेशन से तीन गाड़ियों के साथ टीम को रवाना किया गया। बेसमेंट बंद होने की वजह से टीम को शुरुआत में काम करने में काफी दिक्कतें हुई। सीएफओ ने दमकल कर्मियों के साथ फैक्टरी परिसर में ब्रीदिंग एनालाइजर किट पहनकर तीन तरफ से खोज लाइन बेचकर आग को काबू करने का काम शुरू हुआ।

## फ्लाई ओवर से नीचे गिरी कार : एक किशोरी की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में ईको कार को वर्ना कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ईको कार फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। ईको कार में 8 लोग सवार थे। जिसमें एक किशोरी की मौत हो गई और 7 लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर मारने के बाद वर्ना कार चालक कार को लेकर फरार हो गया। थाना मसूरी इलाके में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हुआ है। एसीपी मसूरी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि मसूरी के दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट के पास मारुति ईको कार को वर्ना कार सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ईको कार फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। टक्कर के बाद वर्ना कार चालक कार को भागकर फरार हो गया। ईको कार में कुल आठ लोग सवार थे। कार सवार 13 साल की लड़की की मौत हो गई। वही बाकी सात घायल हो गए। जिनको सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस वर्ना कार चालक की तलाश कर रही है। किशोरी के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्यूटर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

मोदीनगर। मोदीनगर की बह्मपुरी कॉलोनी गली नम्बर नौ में एक ट्यूटर की संदिग्ध परिस्थिति मौत हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी। मृतक काफी समय से अकेले रहते थे। नगर की बह्मपुरी कॉलोनी निवासी 45 साल के शैलेन्द्र चौधरी पुत्र जितेन्द्रवीर सिंह छात्रों को ट्यूशन पढ़ाते थे। बताया जा रहा है कि देर रात उन्होंने अपना घर का दरवाजा बंद किया था। सुबह पांच बजे के आसपास जब छात्र ट्यूशन पढ़ने के लिए आए और उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो नहीं खुला। ना ही कोई प्रतिक्रिया आई। देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही मोदीनगर थाने से मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। जब पुलिस अंदर पहुंची तो यह देखकर हक्की बक्की रह गई कि शैलेन्द्र सिंह बदहवास पड़े हुए थे। जब डॉक्टर को बुलाकर दिखाया तो उन्होंने मृत घोषित कर दिया। पुलिस उनके परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि हार्ट-अटैक से मौत होने की अंदेशा लग रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। परिजन अनहोनी की आंशका जता रहे हैं।

## गाजियाबाद में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार



गाजियाबाद। गाजियाबाद के चर्चित प्रॉपर्टी डीलर विक्रम मावी हत्याकांड में एसआईटी ने गुरुवार को 50 हजार रुपए के इनामी राहुल उर्फ रामबाबू को गिरफ्तार किया है। इस केस में 17 आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। खुलासा हुआ है कि विक्रम मावी ने एक हत्यारोपी के माता-पिता व पत्नी को पीटा था। इसी का बदला लेने के लिए विक्रम का मर्डर हुआ। गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर इलाके में 11 मई की रात प्रॉपर्टी डीलर विक्रम मावी की ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात को अंजाम विक्रम के पवन भाटी ने अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि 5 मई को विक्रम मावी ने पवन भाटी के माता-पिता व पत्नी को पीटा था। इसके चलते पवन ने विक्रम की हत्या की प्लानिंग बनाई थी। 11 मई को पवन ने अपने साथियों को इकट्ठा किया और पाइप लाइन रोड पर विक्रम मावी पर हमला कर दिया। उसको लाठी-डंडों से पीटा, फिर गोली मार दी। जिससे विक्रम मावी की मौत हो गई। इस केस में 16 आरोपी चरण सिंह, विमला, चंचल, पूजा गौरव, कविता, विमल, प्रशांत, सोनू मावी, काले उर्फ अंकुर, दीपक उर्फ गोलू, गौरव, टिंकू उर्फ हेमंत, कुलदीप सहित 15 आरोपियों को गाजियाबाद पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। मुख्य आरोपी पवन भाटी को पिछले दिनों दिल्ली के आरकेपुरम में पुलिस ने अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर फास्टैग का किसानों ने किया विरोध, जल्द नहीं हटा तो बड़ा आंदोलन होगा

जेवर। जेवर में यमुना एक्सप्रेस-वे पर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास रैंप पर टोल टैक्स के लिए फास्टैग लगाया गया है। जिसका स्थानीय लोगों के साथ किसान संगठन ने भी विरोध किया है। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन एक्सप्रेस-वे में ली गई है। जिसका अभी तक अतिरिक्त मुआवजा भी नहीं मिला है। जिसको लेकर क्षेत्र के मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में गुरुवार को किसान एकता संघ के नेतृत्व में किसानों ने मीटिंग की है। जिसमें जल्द ही फास्टैग को वहां से नहीं हटाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के नेतृत्व में किसानों ने मीटिंग की। इस दौरान किसानों ने कहा कि यमुना एक्सप्रेस-वे पर दनकौर क्षेत्र में स्थित रैम्प पर फास्टैग टोल टैक्स के लिए लगाया गया है। जिसको लेकर लोगों में काफी रोष है। इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय लोगों से भी टोल लिया जाएगा। जबकि उनकी बेशकीमती जमीन को यमुना एक्सप्रेस-वे के लिए कई वर्ष पहले काफी सस्ते रेट पर लिया गया था। अभी तक किसानों को उनका मुआवजा भी नहीं मिला है। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना का कहना है कि उनका संगठन इसका पूरा विरोध करेगा।

# नोएडा एक्सप्रेस वे पर कार स्टंट का वीडियो वायरल

**यातायात पुलिस ने किया 55 हजार का चालान, कार को किया जाएगा सीज**



नोएडा। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर जान जोखिम में डाल कार चालक ने स्टंट किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यातायात पुलिस ने वीडियो के आधार पर कार का 55 हजार रुपए का चालान किया।

यह वीडियो कोतवाली सेक्टर-126 स्थित एरिया में एक्सप्रेस वे का बताया जा रहा है। यह वीडियो करीब 16 सेकेंड का है। स्टंट के दौरान अन्य वाहन रुक जा रहे हैं। डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव का कहना है कि एक्सप्रेस वे पर बीच सड़क पर कार को गोल-गोल घूमकर स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया है।

इस वजह से काफी देर तक सेक्टर-125 के पास वाहनों की रफ्तार थम गई। डीसीपी ने बताया कि कार नंबर के आधार पर 55000 रुपए का चालान किया गया है। कार से स्टंट करने वाले लोगों का पता कर कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा में इससे पहले भी कार से स्टंट करने के वीडियो वायरल हुए थे। लेकिन एक्सप्रेस वे पर इस तरह से स्टंट करना जानलेवा है। यहां गाड़ियां की रफ्तार 100 किमी प्रतिघंटा रहती है।

ऐसे में जरा से लापरवाही बड़ी घटना को दावत दे सकती है। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। जल्द ही कार को भी सीज किया जाएगा। साथ ही चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

# नोएडा में मनी लॉन्ड्रिंग में जीआईपी की अनसोल्ड संपत्ति अटैच की

## ईडी को मिली थी 400 करोड़ की हेरफेर, निवेशकों से आवंटन के बहाने लिया था पैसा

नोएडा। नोएडा में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत मनोरंजन सेवाएं देने वाली कंपनी की 290 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। जिसमें नोएडा का जीआईपी मॉल की अनसोल्ड कॉमर्शियल स्पेस भी शामिल है। कंपनी इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड (इंटरनेशनल रीक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड (आईआरएएल) की होल्डिंग कंपनी) पर गुरुग्राम में सेक्टर 29 और 52 में दुकानों या अन्य स्थान के आवंटन के वादे पर लगभग 1,500 निवेशकों से 400 करोड़ रुपए से अधिक इकट्ठा करने का आरोप है। हालांकि, उक्त कंपनी परियोजना को पूरा करने में विफल रही। साथ ही कंपनी ने निवेशकों का पैसा हड़प लिया और धनराशि को संबंधित व्यक्तियों,




संस्थाओं के पास जमा कर दिया। जिसका उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया। इंटरनेशनल रीक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड के निदेशकों और प्रमोटर ने निवेशकों के धन को अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर बेचने में 400 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी की।

साथ ही, निवेशकों को मासिक सुनिश्चित रिटर्न का भुगतान भी नहीं किया जा रहा था। ईडी की जांच से पता चला कि इकाई ने निवेशकों के पैसे की हेराफेरी की और धन को संबंधित व्यक्तियों/संस्थाओं के पास पार्क कर दिया, जिसका इस्तेमाल व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया। इसके अलावा, आईआरएएल की बैलेंस शीट से व्यावसायिक अग्रिम को खत्म करने के लिए प्रमोटर निदेशकों और ईओडी (खरीद इकाई) के बीच पिछली तारीख का समझौता किया गया। जिसमें एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड नोएडा में द ग्रेट इंडिया प्लेस मॉल (जीआईपी) की अनसोल्ड कॉमर्शियल स्पेस के रूप में करीब 3,93,737.28 वर्ग फुट है। रोहनी में एडवेंचर आइलैंड लिमिटेड में 45,966 वर्ग फुट का कॉमर्शियल स्पेस। इंटरनेशनल एम्यूजमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के नाम पर जयपुर की दौलतपुर गांव तहसील में 218 एकड़ जमीन को अटैच किया गया।

# चीन से जुड़ रहे देश में साइबर ठगी के तार

## अफ्रीका और दुबई में बैठकर होती है ठगी, लिंक न मिले इसलिए भारतीय सिम और खातों का यूज

नोएडा। अफ्रीका और दुबई में बैठकर साइबर ठगों ने पहले भारतीय सिम का प्रयोग किया फिर ठगी का पैसा भी भारतीय बैंक खातों में भेजा। नोएडा पुलिस को साइबर ठगी की एक ऐसी चेन मिली जिसके तार सीधे चीन से जुड़ रहे है। दरअसल बुधवार को नोएडा की एक्सप्रेस वे पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें एक चाइना का नागरिक दो तिब्बत के नागरिक है दो भारतीय है।

अब तक की जांच में 20 बैंक खाते सामने आए जिनमें रकम ट्रांसफर की गई। जबकि एक खाते में करीब 51 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। पुलिस ने खातों को फ्रीज कराया।

डीसीपी विद्या सागर ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से भारी संख्या में मोबाइल, सिम और विदेशी मुद्रा समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। दरअसल पकड़े गए आरोपी साइबर ठगों के लिए बैक हैंड की तरह काम करते थे। पांचों को बड़ा कमीशन मिलता था। इसमें चाइनीज ही मेन साइबर ठगों और पकड़े गए चार अन्य लोगों के बीच मीडियटर है।



इनकी पहचान चीन के सांग कांग सिटी निवासी झू जुनकाई, कर्नाटक के मैसूर निवासी टेनजिंग कलसेंग और हिमाचल प्रदेश निवासी त्सेरिंग धोन्दुप, लखनऊ निवासी कृष्ण मुरारी और शोभित तिवारी के रूप में हुई है। टेनजिंग कलसेंग और त्सेरिंग धोन्दुप मूलरुप से तिब्बत के रहने वाले हैं।

इनके पास से 223 सिम जिसमें 94 नए सिम कार्ड, 114 खाली सिम कार्ड रेपर और 15 खाली सिम मोबाइल नंबर की चिट के पास मिली थी। 21 मोबाइल, दो लैपटॉप, सात आधार कार्ड, चार पेन कार्ड, नौ डेबिट कार्ड, दो पासबुक, पांच चेक बुक, दो पासपोर्ट और वीजा, 15 नोट विदेशी मुद्रा, दो अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस, चाइनीज़ पासपोर्ट और 23 हजार 110 रुपए बरामद किए।

### बिजनेस वीजा पर तीन बार आया भारत आया चीनी नागरिक

पुलिस ने जब चीनी नागरिक के वीजा और पासपोर्ट की जांच की तो वह सही मिले। उसका वीजा अगस्त 2024 तक भारत में वैध है। चीनी नागरिक का अन्य चारों से सीधा संपर्क हैं। वह बिजनेस वीजा पर भारत आया है। पूछताछ में आरोपियों ने 20 ऐसे खातों की जानकारी दी है जिसमें ठगी की रकम आई है। पुलिस इन खातों की जांच कर रही है। एक खाते में 51 लाख रुपये की रकम मिली है। शोभित और कृष्ण मुरारी ने 12वीं तक की पढ़ाई की है। चीनी नागरिक ने अच्छे कॉलेज से पढ़ाई की हुई है। चीनी नागरिक तीसरी बार भारत आया है।

### पता बदलकर भी खुलवाते थे खाते

पूछताछ में यह जानकारी भी मिली है कि शोभित और कृष्ण मुरारी जिन लोगों को नौकरी दिलाने के बहाने नोएडा बुलाते थे उनके आधार कार्ड जमा करा लेते थे। फिर आधार कार्ड का पता बदल दिया जाता था। फिर उस आधार कार्ड से बैंक खाता खुलवाया जाता था। इसमें निजी बैंकों में काम करने वाले कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। जिनके खाते में ठगी की रकम आती और जाती थी उन्हें इसकी जरा भी जानकारी नहीं होती थी कि उनके खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी में किया जा रहा है।

# नोएडा में बहुमंजिला इमारत के स्प्लिट एसी में ब्लास्ट

नोएडा। नोएडा की एक बहुमंजिला इमारत में एसी फटने से गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग से फ्लैट में रखा सामान जल गया। अपार्टमेंट के लोग भागकर बाहर आए। पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी।

नोएडा सेक्टर-100 में लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी है। टावर नंबर-28 में 10वीं फ्लोर के फ्लैट में सुबह करीब 10 बजे स्प्लिट एसी में आग लग गई। जब तक घर के लोग कुछ समझ पाते तब तक एसी में ब्लास्ट हो गया। तेज धमाके से वहां भगदड़ जैसे हालत हो गए।

आसपास के फ्लैट के लोग भागकर बाहर आए। अपार्टमेंट की सिक्योरिटी ने अलॉर्म बजाकर तुरंत सभी फ्लैट खाली करवाए। इधर, फ्लैट में बेडरूम व अन्य कमरों तक आग पहुंच गई। धुएं और आग की तपिश से बिल्डिंग का फायर सिस्टम एक्टिव हो गया। इसने आग को आगे बढ़ने से रोक लिया। आसपास के फ्लैट को खाली कराया गया अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने बताया भीषण गर्मी के कारण आग तेजी से फैल रही थी। शुक्र रहा कि बिल्डिंग का फायर सिस्टम एक्टिव हो



गया। आग बाकी फ्लैट्स तक नहीं पहुंच पाई। वरना, 10वीं मंजिल होने के चलते फायर बिग्रेड के लिए मुश्किल हो रही थी। दमकल की गाड़ियों के बाद हाइड्रोलिक को बुलाया गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि सुबह 10 बजकर 11 मिनट पर अपार्टमेंट में आग की सूचना मिली। कमरे में स्प्लिट एसी में आग के बाद ब्लास्ट हुआ। फ्लैट में लगे फायर इक्यूप्मेंट काम करने लगे। अब फ्लैट को ठंडा किया जा रहा है। ऐहतियात के तौर पर आसपास के फ्लैट के लोगों को भी बाहर निकाला। पानी की बौछारें अगल-बगल के फ्लैट पर भी की गईं, ताकि बिल्डिंग को ठंडा रखा जा सके। अभी तक कोई जनहानि की सूचना नहीं है।

# नोएडा में पुलिस ने तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार



नोएडा। सीआरटी, स्वाट-2 व थाना फेस-3 पुलिस ने मोबाइल टावर से आरआरयू चोरी करने वाले 03 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 03 आरआरयू और 01 ओरा कॉमर्शियल गाडी बरामद की है। बरामद किए गए आरआरयू की कीमत करीब 18 लाख के आसपास है।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि ये लोग ओरा से एनसीआर व अन्य राज्य में घूमकर पहले टावरों को चिह्नित करते थे। इसके बाद रात या सुबह के समय मोबाइल टाव से आरआरयू व बैटरी व अन्य सामान चोरी कर लेते थे।

इनकी पहचान नितिन कुमार, आकाश और सागर हुई है। इन तीनों को मामूरा चौक के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े न जाए इसलिए ये लोग कॉमर्शियल गाड़ी का प्रयोग करते थे। इन तीनों ने राजस्थान, मध्य प्रदेश महाराष्ट्र, दिल्ली एनसीआर में टावरों के उपकरण चोरी किए। डीसीपी ने बताया कि मार्केट में एक आरआरयू की कीमत करीब 5 से 6 लाख रुपए है।

इनके कब्जे से 3 बरामद हुए हैं। जिनकी कीमत करीब 15 से 18 लाख रुपए के बीच है। चोरी किए गए उपकरण को ये लोग दिल्ली में बेच देते थे। बता दे इससे पहले भी नोएडा पुलिस ने मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वाले गैंग के लोगों को गिरफ्तार किया है।

## सोसाइटियों में बिजली कटौती का रोस्टर जारी करेगा निगम

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की रक्षा एडेला, व्हाइट आर्किड, आर्क सिटी रेजीडेंसी समेत अन्य सोसाइटियों के निवासियों ने मंगलवार रात दादरी के विधायक के आवास पर विद्युत निगम के अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में निवासियों ने कटौती के साथ ट्रिपिंग की समस्या को रखा। निगम के अफसरों ने तत्काल ट्रिपिंग की समस्या का समाधान कराया। साथ ही कटौती को लेकर रोस्टर जारी करने का आश्वासन दिया। पिछले कई दिन से सोसाइटियों के निवासी ट्रिपिंग के साथ बिजली की कटौती से परेशान हैं। मंगलवार रात दादरी के विधायक तेजपाल नगार ने दादरी स्थित अपने आवास पर विद्युत निगम के अफसरों के साथ निवासियों की बैठक कराई, जहां निवासियों ने अपनी समस्याओं को रखा। निवासियों ने बताया कि विद्युत निगम के अफसरों ने तत्काल संबंधित फीडर से वोल्टेज बढ़ाने के निर्देश दिए हुए हैं, जिसका पालन भी हो गया है।

# नोएडा में पुलिस ने बदमाश को मारी गोली

## 200 मीटर तक पीछा करते हुए एक बदमाश पकड़ा गया, दूसरा फरार; 24 से ज्यादा मुकदमे हैं दर्ज

एजेंसी

नोएडा। नोएडा में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने एक बदमाश को गोली मारी। जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। वहीं इसका दूसरा साथी अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़ने के लिए कांबिंग की जा रही है।

घायल अवस्था में पकड़े गए बदमाश की पहचान आकाश पुत्र राज कुमार निवासी साहिबाबाद के रहने वाले के तौर पर हुई है। इसके ऊपर करीब 24 मुकदमे दर्ज है। इसके पास से आधा दर्जन मोबाइल फोन बरामद किए गए। साथ ही एक आई फोन भी मिला। जिसे दिल्ली के लाजपत नगर से छीना गया था। पुलिस एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला था कि दो बदमाश थाना फेज-2 क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने जा रहे है। कुलेसरा बॉर्डर पर पुलिस फोर्स चेकिंग कर रहे थे।



इस दौरान दो व्यक्ति काले रंग की यामाहा एमटी मोटर साइकिल से आते दिखाई दिए। पुलिस ने चेकिंग करने के लिए रोका तो भागने लगे। संदिग्ध जानकर पुलिस द्वारा इनका करीब 200 मीटर तक पीछा किया गया। बदमाश टीपी नगर थाना फेस टू की ओर मुड़ गए और पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा आत्म रक्षार्थ फायरिंग की कार्रवाई की गई। जिसमें एक बदमाश आकाश गोली लगने से घायल हो गया। बाइक का बैलेंस बिगड़ गया। जिससे वो नीचे गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं इसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इसकी तलाश के लिए कांबिंग की जा रही है। आकाश के विरुद्ध एनसीआर, दिल्ली, गाजियाबाद व गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में 24 मुकदमे दर्ज है। आकाश को जिला अस्पताल भेजा गया।

# आजम खान को 10 साल की सजा

## डूंगरपुर मामले में रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 14 लाख का जुर्माना भी लगाया



रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता मोहम्मद आजम खान को डूंगरपुर प्रकरण में दस साल की सजा सुनायी है।

चर्चित डूंगरपुर मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान को गुनहगार माना है। कोर्ट ने आजम खान को 10 साल की सजा और 14 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही दूसरे दोषी को सात साल की सजा और छह लाख रुपये जुर्माना लगाया है।

एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को बीते बुधवार दोषी करार दिया था और फैसला सुरक्षित कर लिया था। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां को डूंगरपुर प्रकरण में आज एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) के न्यायाधीश डा विजय कुमार ने दोषी ठहराया है। साथ ही सजा पर आज फैसला सुनाया गया। आजम खां सीतापुर जेल में बंद हैं। जेल से ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उनकी पेशी हुई।

गौरतलब है कि तत्कालीन सपा सरकार में साल 2016 में डूंगरपुर बस्ती में रह रहे लोगों के मकान तोड़कर सरकारी आसरा कॉलोनी बनाई गई थी।

वर्ष 2019 में 12 लोगों ने थाना गंज कोतवाली में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि तत्कालीन सपा सरकार में आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन खाली कराया था। उनका सामान लूट लिया और मकानों को ध्वस्त कर दिया था। इन मुकदमों में आजम खां का नाम विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा शामिल किया गया था। आजम खान के साथ बरकत ठेकेदार को भी दोषी माना गया है। डूंगरपुर मामले में 12 मुकदमें दर्ज किए गए थे। इनमें दो केस में आज़म खान बरी हो चुके हैं, जबकि एक अन्य मामले में पहले सजा दी गई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता सीमा सिंह राणा ने बताया कि आज वादी अबरार पुत्र नन्हें खां द्वारा दायर केस में सजा सुनाई गई। इसमें तीन लोगों के खिलाफ ट्रायल चल रहा था, जिसमें पूर्व रिटायर्ड सीओ आले हसन खां की पत्रावली अलग कर दी गई थी।

# फतेहपुर में पुलिस मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर के खखरेरू क्षेत्र में गुरूवार तड़के हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग आते दिखे। पुलिस ने उनको रूकने का इशारा किया लेकिन वह भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया तब बदमाशों ने पुलिस पर गोलिया चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ गोलीयां चलाई जिससे तीनो मोटरसाइकिल से नीचे गिर गए। दो के पैर में गोली लगी जबकि तीसरा भागने का प्रयास करते समय पकड़ा गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ में बदमाशों ने स्वीकार किया गत सोमवार को थरियांव थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े सीएचसी संचालक अतुल तिवारी के सिर में गोलीमार कर 2.50 रूपए लूटकर फरार हो गए थे। उन्होंने अपना नाम तकसीर, जीसान और आसिफ बताया। तकसीर और जीसान खाका थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जबकि आसिफ सुल्तानपुर घोष का निवासी है।

उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से दो तमंचा, पांच जिंदा कारतूस और कानपुर (नगर) से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

# आजमगढ़ में फरार चल रहे दो हत्यारोपी गिरफ्तार

एजेंसी

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के मेंहनगर थाने की पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित उमेश चौहान ने मेंहनगर थाने में 20 मई को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि मेरा भांजा अभिषेक चौहान जो कि मुबारकपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बचपन से ही मेरे घर पर रहकर पढ़ाई-लिखाई करता है। 20 मई को गांव के अपने दोस्तो के साथ क्रिकेट खेलने के बाद घर पर लगभग आठ बजे सुबह घर पर आया। फिर घर से लगभग 11 बजे दिन मे घर से दोस्तो के साथ सिंहपुर बाजार के लिये कहकर निकला। दोपहर तीन बजे दिन मे किसी का फोन आया और वह फोन से बात करते हुए घर से बिना बताये निकला।

शाम को लगभग छह बजे लोनी नदी के किनारे बबूल के पेड़ के पास कृपा चौहान के खेत मे एक लाश पडी है। जिसे मेरे द्वारा पहचान किया गया कि यह लाश मेरे भांजे अभिषेक चौहान पुत्र रामसरोज चौहान की है।

उसके गले मे उसी के गमछे से गला घोटकर हत्या कर दी गयी है। गमछा उसके गले मे कसा पाया गया हमे पूर्ण आशंका है कि कुछ अज्ञात व्यक्तियो द्वारा सुनियोजित तरीके से हत्या करके लाश फेकी गयी है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी।

## 15 जून तक बंद किये गए आंगनबाड़ी केंद्र

गाजीपुर। गाजीपुर में लगातार बढ़ रहे तापमान की वजह से प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप के चलते जनपद के समस्त विद्यालय 19 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण बंद हो चुके हैं। ऐसे में अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र परिषद विद्यालयों में संचालित होते हैं। जिसके मद्देनजर अब आंगनबाड़ी केंद्रों को भी 25 मई से 15 जून तक प्री स्कूल संचालन बंद करने के साथ आंगनबाड़ी के बच्चों को अवकाश घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए जिलाधिकारी ने 19 मई से जनपद के समस्त विद्यालयों के बंद करने का आदेश दिया था। उसी के क्रम में गाजीपुर में आंगनबाड़ी केंद्रों में चलने वाले प्री स्कूल का संचालन भी अब आगामी 15 जून तक बंद कर दिया गया है।

# आगरा में कमरे में 2 महिलाओं के शव मिले

## दरवाजा तोड़कर निकाली गई डेडबॉडी, दोनों सगी बहनों ने शादी नहीं की थी

एजेंसी

आगरा। आगरा में एक मकान में दो बुजुर्ग सगी बहनों के शव मिले। अंदर से दरवाजा बंद था। शव सोफा और बेड पर पड़ा था। पुलिस दरवाजा तोड़कर शव बाहर ले आई। शव सड़ चुके हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि सुबह थाना पुलिस को सूचना मिली कि दो मंजिला मकान में दो बुजुर्ग महिलाएं रहती थीं।

चार दिन पहले ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाला एक व्यक्ति बाहर चला गया था। जब वो गुरुवार को वापस आया तो उन्हें फर्स्ट फ्लोर से बदबू आई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

आगरा के अर्जुन नगर स्थित कोठी में दो बहनें 61 साल की मधु और 59 साल की रितु कई सालों से अकेली रह रही थी। दो मंजिला कोठी है। ग्राउंड फ्लोर एक अन्य व्यक्ति रहता है। डुप्लेक्स हाउस होने के नाते दोनों फ्लोर दो लोगों के नाम अलॉट है। नीचे एक व्यक्ति और प्रथम तल पर दोनों बहनें रहती थी।

नीचे रहने वाला व्यक्ति चार दिन पहले बाहर गए थे। कोठी में दोनों बहनें अकेली थीं। गुरुवार को किराएदार घर पर पहुंचा तो प्रथम तल से बदबू आ रही थी। कमरा बंद था, किराएदार की सूचना पर पुलिस पहुंच गई।

### कई दिन पहले हुई मौत

जिस हालत में शव मिले हैं और उनसे बदबू आ रही थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों बहनों की कई दिन पहले मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने पूछताछ में बताया कि दोनों बहन कई सालों से अकेली रह रही थीं। सामान लेने के लिए ही बाहर निकलती थी। दोनों बहनों ने शादी नहीं की थी और आसपास के लोगों से बात भी नहीं करती थीं।

### बेड और सोफे पर मिले शव

पहली मंजिल पर पुलिस गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसी। बड़ी बहन मधु का शव सोफे और छोटी बहन रितु का शव सोफे पर पड़ा हुआ था और बदबू आ रही थी। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए।

# मेरठ में पत्नी की पेचकस घोंपकर हत्या

## गले, सीने और पेट पर मिले 30 निशान; पिता ने बहू के नाम कर दी थी जमीन



मेरठ। मेरठ में बुधवार देर रात पति ने पेचकस से गोदकर पत्नी की हत्या कर दी। पेट, सीने और गले पर करीब 30 वार किए। महिला की चीख सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब घर पहुंची तो महिला की मौत हो चुकी थी। पति शव के पास बैठा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पैसों को लेकर पति-पत्नी में विवाद होता था। बुधवार रात को भी पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। पत्नी जब सो गई तब पति ने वारदात को अंजाम दिया। घटना जयभीमनगर कॉलोनी की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी पति से पूछताछ शुरू कर दी है।

### हत्या की वजह जमीन और पैसा

मेडिकल थाना क्षेत्र के कमालपुर की दीपा की शादी करीब 10 साल पहले मवाना के ललित वर्मा से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ललित दीपा के साथ भावनपुर स्थित जयभीमनगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहने लगा।

ललित पेशे से निजी नर्सिंग होम की एम्बुलेंस चलाता है। उसके 2 बच्चे अंशुमन (7) और गुन्नू (6) हैं। गुरुवार रात को ललित और दीपा के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों शांत हो गए और सोने चले गए। रात के 2 बजे ललित उठा। इसके बाद अपनी पत्नी दीपा पर पेचकस से कई वार कर दिए। दीपा की मौके पर ही मौत हो गई।

दोनों पति-पत्नी परिवार से अलग रहते थे। पति की इनकम ज्यादा नहीं थी। इसलिए पैसों को लेकर विवाद होता था।

दीपा ललित से कोई और नौकरी करने के लिए कहती थी। पुलिस की अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि रुपयों की वजह से ललित दीपा से चिढ़ने लगा था। दोनों में आपसी विवाद काफी बढ़ गए थे। लेकिन झगड़ा तब और बढ़ गया जब ललित के पिता ने दीपा को कुछ रुपए दिए। कुछ जमीन भी दीपा के नाम पर की थी।

### एसपी बोले- हत्या की वजह आपसी विवाद

एसपी देहात कमलेश बहादुर सिंह ने बताया, ललित वर्मा नाम के युवक ने पत्नी की पेंचकस मारकर हत्या कर दी। पति को अरेस्ट कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में दोनों में आपसी विवाद की बात सामने आई है। आरोपी के पिता ने कुछ पैसे और जमीन पत्नी के नाम कर दी थी। इसकी वजह से दोनों में विवाद था। बाकी आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## पत्नी के चरित्र से परेशान पति ने लगाई फांसी

कानपुर। पत्नी की हरकतों से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक पत्नी बीते तीन माह से पति से अलग अपने मायके में रह रही थी। आरोप है कि महिला के साथ एक युवक भी रहता है, जिसकी सारी जानकारी मृतक को थी। मूलरूप से महाराजपुर के बैजाखेड़ा निवासी गुड्डू निषाद (30) राज मिस्त्री का काम करता था। 11 साल पहले गुड्डू की शादी महाराजपुर के नारायणपुर निवासी गीता से हुई थी। दोनों से एक बेटा अनमोल और बेटी शिवी है। पिता ओम प्रकाश ने बताया कि शादी के बाद से गुड्डू अपने परिवार के साथ कैंट स्थित मैकूपुरवा में रहने लगा था। बहू गीता का चाल-चलन ठीक नहीं था, जिसके कारण गुड्डू से आए दिन झगड़ा हुआ करता था। गीता फोन पर भी किसी लड़के से बात करता थी, जिसका गुड्डू विरोध करता था। ओम प्रकाश ने बताया कि बीते 3 माह से बहू गीता, पति और बच्चों को छोड़कर अपने मायके चली गई थी। तब से दोनों बच्चे अपनी दादी के पास थे। गुड्डू घर पर अकेला ही रहता था। आए दिन गुड्डू फोन कर गीता को मनाने का प्रयास करता था लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी।

# कन्नौज में दुष्कर्म के मामले में 25 साल की सजा

कन्नौज। कन्नौज के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली 14 वर्षीय किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले को कोर्ट ने सजा सुनाई है। युवक पर जुर्माना भी लगाया गया है। करीब 6 वर्ष पहले उसने किशोरी को कॉलेज जाते वक्त अगवा कर लिया था। उसकी न्यूड फोटो इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी भी देता था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी शहर के एक इंटर कॉलेज की छात्रा थी। वह 2 अगस्त 2018 को सुबह 7: 30 बजे कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। जब वह मकरंदनगर तिराहे के पास टैक्सी से उतरी तभी वहां ठठिया थाना क्षेत्र के जनखत गांव का निवासी सरमन पहुंच गया।

उसने किशोरी को कॉलेज छोड़ने की बात कहकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। कुछ आगे चलने पर उसने एक और युवक को बाइक पर बैठा लिया। जिसने किशोरी को कसकर पकड़ लिया और फिर उसे जनखत गांव स्थित एक कमरे में ले गया। रात भर किशोरी को बंधक बनाकर उसने दुष्कर्म किया और उसकी न्यूड फोटो मोबाइल में क्लिक कर ली।


इसके बाद वह जलालपुर पनवारा स्थित बाइपास के नजदीक उसे छोड़कर चला गया। उसने किशोरी को मुंह बंद रखने की धमकी देते हुए कहा कि यदि किसी को कुछ बताया या फिर रिपोर्ट दर्ज कराई तो उसकी न्यूड फोटो इंटरनेट पर वायरल कर देगा और उसे मार डालेगा। किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची और घटना के बारे में अपनी मां को बताया। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

### 25 साल की सुनाई सजा

मामले को लेकर विशेष लोक अभियोजक किशोर कुमार दोहरे ने बताया कि किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले सरमन को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अलका यादव ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर दोषी करार देते हुए 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 27 हजार का जुर्माना भी लगाया गया।

जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को 2 साल की अतिरिक्त जेल की सजा भुगतनी होगी। जुर्माने की रकम पीड़िता को प्रतिकर के रूप में प्रदान की जाएगी।

# सोनभद्र में मासूम से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की पाक्सो अदालत ने छह साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद और दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राजन उर्फ रज्जन को उम्रकैद एवं दो लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख 60 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने चोपन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि तीन अगस्त 2023 को वह अपने पति के साथ धान की रोपाई कराने गई थी। इधर दोपहर मे छह वर्षीय बेटी को अकेला पाकर राजन उर्फ रज्जन अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शाम को घर आने पर पीड़ित ने सारी बात बताई। चार अगस्त 2023 को तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई थी। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजन उर्फ रज्जन को उम्रकैद एवं दो लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# राजधानी में करीब एक सौ इलाकों में, बिजली कटौती से हाहाकार, प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे लोग





महेश सिंह विशाल इंडिया

लखनऊ, बिजली कटौती से हाहाकार मचा हुआ है 80 वर्षीय बुजुर्ग समेत महिलाए भी शामिल है। करीब पांच हजार शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई। सुबह से लेकर रात तक लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं रोजाना 100 से ज्यादा इलाकों में 30 मिनट से लेकर 7 घंटे तक बिजली कट रही है गर्मी बढ़ने की वजह से ट्रांसफार्मर लगातार खराब हो रहे हैं बुधवार की रात को सपा विधायक अरमान भी बिजली कटौती के विरोध में उपकेंद्र पहुंचे लेकिन उन्हें वहां कोई अधिकारी तक नहीं मिला बिजली विभाग के कस्टमर केयर पर 5000 से ज्यादा शिकायत पेंडिंग है शहर का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है ऐसे में लोग बिजली कटौती से रात को सो तक नहीं पा रहे हैं कई इलाकों में लोग प्रदर्शन करने को मजबूर हैं टिकैटराय तालाब एरिया में बिजली कटौती से नाराज लोगों ने राजाजीपुरम सी ब्लॉक बिजली उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया 80 साल के एक बुजुर्ग सड़क पर लेट गए बुजुर्ग का कहना है कि पिछले 1 महीने से हालत खराब है पुलिस ने बुजुर्ग को समझा कर प्रदर्शन शांत करने का प्रयास किया पुलिस ने कहा 1 घंटे का समय दीजिए सब ठीक हो जाएगा लेकिन बुजुर्ग सड़क से हटने को तैयार नहीं थे बुजुर्ग के साथ ई रिक्शा ड्राइवर भी मौजूद थे उनका कहना रिक्शा चार्ज नहीं होने के कारण रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है लखनऊ में बिजली कटौती के विरोध में इस तरह के प्रदर्शन पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रहे हैं उतरे हटिया पारा, सीतापुर रोड, बांसमंडी चौराहा, राजाजीपुरम, पी जी आई रोड दुबग्गा चौराहा, बीकेटी समेत 20 से ज्यादा जगाहो पर आधी रात को प्रदर्शन कर रहे हैं आशियाना इलाके के रहने वाली शिवांगी सिंह कहती है कि प्रतिदिन ट्रांसफार्मर खराब हो रहा है रात को ट्रांसफार्मर से अचानक आग निकलने लगी ऐसा कई दिनों से हो रहा है विभाग के सीनियर इंजीनियर ने बताया कि शहर में करीब 30 फीसद ज्यादा ट्रांसफार्मर आग के गोले कि तरह पर हैं वह भीषण गर्मी और रोज बढ़े तापमान की वजह से कभी भी खराब हो सकते हैं विभागीय बात करें तो लखनऊ में प्रतिदिन 25 ट्रांसफार्मर खराब है इसके अलावा शहर में करीब 5000 से ज्यादा ट्रांसफार्मर पर इस समय लोड 100 फीसदी तक पहुंच रहा जबकि ट्रांसफार्मर पर लोड 80 फीसद से ज्यादा होने पर उसके खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

## शार्ट न्यूज

### पुलिस ने किया पैदल मार्च



**ललितपुर।** पुलिस ने अपराध रोकने को लेकर रविवार को पुलिस अधीक्षक मो0 मुस्ताक के निर्देशन में आपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देश में क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने पैदल मार्च किया। महिला थानाध्यक्ष व कोतवाली पुलिस बल द्वारा सदर कोतवाली क्षेत्र में पैदल गस्त किया गया। पैदल गस्त के दौरान शान्ति व्यवस्था बनायें रखने के दृष्टिगत प्रमुख चौराहों, बजारो, व अन्य सार्वजनिक स्थानो पर व संदिग्ध व्यक्ति / वाहनों एवं शराब की दुकानों की चेकिंग की गयी। सदर क्षेत्राधिकारी अभय नारायण राय द्वारा दुकानदारों, व्यापारी बंधुओं से वार्ता कर अवैध अतिक्रमण न करने एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

ललितपुर। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में चिन्हित अभियोगों के अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अभियुक्त राजू सहरिया पुत्र काशीराम उर्फ कसिया सहरिया नि0 ग्राम आगर थाना जखौरा जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना जखौरा ललितपुर में *मु0अ0सं0 105/2022 धारा 376एबी/323/506 भादवि 5/6 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर संपादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना जखौरा पुलिस एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए दिनांक 30.05.2024 को माननीय न्यायालय एडीजे पाक्सो एक्ट कोर्ट ललितपुर द्वारा अभियुक्त राजू सहरिया उपरोक्त को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा व 26 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

### ट्रैफिक पुलिस ने तीन सवारी व हेलमेट के खिलाफ चलाया सघन चैकिंग अभियान



ललितपुर। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वाले और बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन कर रहे वाहन चालकों के खिलाफ गुरूवार को सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। शहर क्षेत्र में चलाये गये अभियान में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुये उन्हें यह भी समझाया गया कि वह नियमों का पालन करें, ताकि वह स्वयं और दूसरों का जीवन भी सुरक्षित कर सकें। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस काफी संजीदा है। इसी क्रम में गुरूवार को यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी ने शहर के विभिन्न चौराहों पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों का आह्वान करते हुये कहा कि वह यातायात नियमों का पालन सख्ती से करें, ताकि स्वयं और दूसरों का जीवन भी सुरक्षित रख सकें।

### बिजली के खंभों में दिखा, पटाखों जैसा दृश्य

#### इंदिरा नगर के सी ब्लॉक की है घटना

विशाल इंडिया ब्यूरो महेश सिंह



लखनऊ। बढ़ते तापमान के कारण हर जगह विद्युती उपकरण में जलने की खबरें आ रही हैं यहां तक की कई जगहों पर यह भी देखा गया है की पावर हाउस में लगे ट्रांसफार्मर को ठंडा करके ही विद्युत सप्लाई दी जा रही है। फिलहाल जिले के इंदिरा नगर सी ब्लॉक की खबर है जहां बुधवार रात करीब 11: 00 बजे बिजली के खंभों में तारों के बीच अचानक चिंगारियां उठने लगी। इसका मुख्य कारण बिजली का अत्यधिक लोड होना बताया गया फिलहाल स्थानीय निवासियों ने खुद से प्रयास करते हुए इसकी सूचना विद्युत कर्मचारी रामनरेश सेक्टर 14 को दी वहीं आनन फानन में विद्युत कर्मचारी द्वारा सप्लाई को बंद करके अर्जेंट सुधार कार्य किया गया। सुधार कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति थोड़े समय के लिए बाधित रही विद्युत विभाग की जानकारी के अनुसार बिजली के खंभों में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण चिंगारियां उठी और देखते ही देखते चिंगारी पटाखे जैसा रूप धारण करने लगी थी बताते चले भीषण गर्मी के चलते अधिक लोड के कारण लखनऊ समेत कई अन्य जनपदों में भी विद्युत आपूर्ति बाधित नजर आ रही है फिलहाल इस घटना से कॉलोनी में रहने वाले आम जनमानस में कोई हताहत की सूचना नहीं

### मैनपुरी में विवाहिता की पीट-पीट कर हत्या

मैनपुरी। मैनपुरी में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के आंगन में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने उनकी बेटी की पीट पीट कर हत्या किए जाने का आरोप ससुराली जनों पर लगाया है। हालांकि ससुरालीजन विवाहिता का शव घर के आंगन में छोड़कर घर से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन कर विवाहिता के शव को कब्जे में ले लिया है। मौत के कारणों को जानने के लिए शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। ससुराली जनों के खिलाफ दहेज़ हत्या मुकदमा दर्ज किया है। मामला बरनाहल थाना क्षेत्र के गांव केशोपुर से जुडा है। जहां के निवासी सचिन कुमार की पत्नी रोशनी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ही घर के आंगन में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंचे रोशनी की मायके पक्ष के लोगों ने ससुराली जनों पर उसकी पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार जनपद फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज के गांव भड़पुर निवासी अजय कुमार पुत्र राज बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बहन रोशनी का विवाह बरनाहल थाना क्षेत्र के गांव केशोपुर निवासी सचिन पुत्र चंद्रप्रकाश के साथ हिंदू रीति रिवाज और अपने समर्थ के हिसाब से दान दहेज देकर संपन्न किया था।

### महराजगंज में युवती की निर्मम हत्या

महराजगंज। महराजगंज के पनियरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 17 वर्षीय युवती का शव बरामद हुआ है। शव घर से पचास मीटर दूर खेत में मिला। उसे बुरी तरह से ईंट से कुचलकर हत्या की गई है। उसके शरीर पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं। सुबह शव देख कर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गये और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर सीओ सदर आभा सिंह ने भी पहुंच कर जांच पड़ताल किया। चर्चाओ की माने तो पुलिस ने जांच पड़ताल के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार मृतका का पिता घर से थोड़ी ही दूर पर खेत में झोपड़ी डाल कर रह रहा था। वह इस समय वहां पर दूसरा मकान बनवा रहा था। बुधवार की शाम को वहां मिट्टी गिर रहा था। मिट्टी देर रात तक गिरता रहा। बताया जा रहा है कि मृतका वहां मिट्टी की ट्रॉली गिन रही थी। परिजनों ने बताया कि डेढ़ बजे रात तक मिट्टी गिराई गई।

## ईरानी सेना ने पाकिस्तानी समूह के वाहन पर की गोलाबारी, 4 की मौत

लौहार ।ईरान और पाकिस्तान के संबंध फिर तनावपूर्ण हो सकते हैं ।ईरान के सैनिकों ने पाकिस्तानियों के एक समूह को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की, इसमें चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।पाकिस्तान के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि यह घटना बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती गांव मश्केल के पास हुई। सरकारी प्रशासक ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि ईरानी सेना ने गोलीबारी क्यों की।कालेगन सीमा क्षेत्र में ईरानी सेना द्वारा किए हमले में करीब 4 पाकिस्तानी बलूच नागरिक मारे गए और 8 घायल हो गए।मृतकों की पहचान शुक्राल्लाह रिगी, अब्दुल वसी, असगर सासोली और ख्वास्ती रिगी के रूप में की गई है।पुलिस का कहना है कि चारों लोगों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।तेहरान या पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया है।दोनों पक्षों के सुरक्षा बल अक्सर इस क्षेत्र में सक्रिय तस्करों और विद्रोहियों को गिरफ्तार करते हैं। जनवरी में पाकिस्तान ने ईरान के अंदर कथित आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी हमले किए थे जिसके प्रतिशोध स्वरूप ईरान द्वारा किए गए हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए थे।

## उत्तर कोरिया ने पूर्वी जलक्षेत्र में दागी कई मिसाइलें : दक्षिण कोरियाई

सियोल ।उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कई संदिग्ध बैलेस्टिक मिसाइल दागीं।दक्षिण कोरियाई सेना ने इसकी जानकारी दी।उत्तर कोरिया ने एक सैन्य टोही उपग्रह प्रक्षेपण में असफल होने के एक दिन बाद कार्रवाई को अंजाम दिया।दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि प्योंगयांग के समीप एक इलाके से करीब 10 प्रक्षेपास्त्र दागे, जो कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल जैसी प्रतीत होती हैं। सेना ने कहा कि इन संदिग्ध मिसाइलों ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के जलक्षेत्र में गिरने से पहले करीब 350 किलोमीटर की दूरी तय की थी।अधिकारी ने कहा कि द.कोरियाई सेना ने निगरानी व सतर्कता बढ़ा दी है और अमेरिका व जापान के साथ हर जरूरी सूचना साझा की जा रही है।उत्तर कोरिया के इस कदम के मद्देनजर जापान तटरक्षक ने समुद्री परामर्श जारी किया है जहाजों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध मिसाइलें जापान के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के बाहर जलक्षेत्र में गिरी और किसी प्रकार के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है।उन्होंने कहा कि तोक्यो उत्तर कोरिया के कदम की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

## नेपाल सेना की टीमों ने पहाड़ों पर 2 और शव बरामद किए

काठमांडू।पहाड़ों पर कचरा इकट्ठा करने के लिए भेजी गई नेपाल सेना की टीमों ने दो और शव बरामद किए हैं, जिसमें एक शव दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट क्यूमोलांगमा पर मिला है। राष्ट्रीय बल ने इसकी जानकारी दी। सेना के अनुसार एक शव माउंट क्यूमोलांगमा पर 8,420 मीटर की ऊंचाई पर बरामद किया गया जबकि दूसरा शव दुनिया की चौथी सबसे ऊंची चोटी माउंट ल्होत्से पर 7,900 मीटर पर पाया गया।गत 16 मई को सेना की टीमों ने दो चोटियों पर दो अन्य शव और कंकाल के अवशेष बरामद किए। टीमों ने शवों के अलावा 11 हजार किलोग्राम कूड़ा एकत्र किया है।नेपाल सेना ने नेपाली शेरपा पर्वतारोहियों के सहयोग से माउंट क्यूमोलंगमा (8,848 मीटर), माउंट ल्होत्से (8,516 मीटर) और माउंट नुप्से (7,861 मीटर) पर 11 अप्रैल से कचरा उठाने के लिए तीन टीमें तैनात कीं थी।नेपाल सेना ने 10 टन कचरा इकट्ठा करने और चोटियों से पांच शव निकालने की योजना बनाई है।इस वर्ष का सफाई अभियान 5 जून को समाप्त होने वाला है।

## सऊदी अरब ने छह सदस्यों को निष्कासित कर दिया

तेहरान ।ईरान ने कहा कि सऊदी अरब ने अपने सरकारी टेलीविजन प्रसारक के छह सदस्यों को निष्कासित कर दिया है, जिन्हें हज से पहले देश में लगभग एक सप्ताह तक हिरासत में रखा गया था।सऊदी अरब ने कहा कि ये लोग अपने वीजा का उल्लंघन करके काम कर रहे थे।यह घटना रियाद और तेहरान के बीच हुए समझौते के एक साल बाद हुई है। हालांकि, देश में पवित्र स्थलों को लेकर दोनों सुन्नी और शिया देशों के बीच दशकों से तनाव रहा है। ईरानी मीडिया ने बताया कि गिरफ्तारियां एक हफ्ते पहले शुरू हुईं जब मदीना में पैगंबर मुहम्मद की मस्जिद में कुरान की आयतों की रिकॉर्डिंग करते समय कर्मीदल के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया गया।उन्हें हिरासत में लिए जाने के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया, लेकिन कहा कि कई घंटों की पूछताछ के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में रखा गया। मीडिया ने बताया कि इसके दो दिन बाद सऊदी पुलिस ने ईरान मीडिया के एक पत्रकार और एक अन्य सरकारी टीवी पत्रकार को हिरासत में ले लिया। यह तब हुआ जब वे ईरानी तीर्थयात्रियों के साथ प्रार्थना सेवा में भाग लेने के लिए कार से उतरे थे।एक अन्य रेडियो पत्रकार को मदीना के एक होटल में हिरासत में लिया गया।

## पाकिस्तान में सड़क दुर्घटना, 28 लोगों की मौत, 22 घायल

### – प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अधिकारियों को घायलों की सहायता के निर्देश दिए

बलूचिस्तान ।पाकिस्तान में सुदूर बलूचिस्तान प्रांत में एक यात्री बस के सड़क से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। तुर्बत से क्वेटा जा रही बस बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से लगभग 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास गड्ढे में गिर गई।बताया जा रहा है कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 22 अन्य ने अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।ऐसा बताया जा रहा है कि मोड़ पर यात्री बस का एक टायर फट जाने से चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया था।पहले की खबरों में कहा गया था कि दुर्घटना चालक द्वारा तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुई थी। स्थानीय अ?धिकारी ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं और तीन बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान अभी भी जारी है क्योंकि बस में करीब 50 यात्री सवार थे।हालांकि संख्या ज्यादा भी हो सकती है।उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या और भी बढ़ सकती है क्योंकि कुछ पीड़ितों की हालत गंभीर है।घायलों में से नौ की हालत गंभीर है और उन्हें खुजदार स्थित संयुक्त सैन्य अस्पताल (सीएमएच) में भर्ती कराया गया है।पाकिस्तान सेना से अनुरोध किया गया कि वह गंभीर हालत में चार अन्य यात्रियों को हेलीकॉप्टर के जरिए क्वेटा ले जाए ताकि उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया जा सके।अधिकांश मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घायलों की सहायता करने का भी निर्देश दिया।बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने इस भीषण हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की।

## बुशरा के पूर्व पति पर इमरान खान के वकील ने किया हमला

इस्लामाबाद । इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद की एक अदालत के बाहर पूर्व प्रधानमंत्री खान के एक वकील ने हमला किया।यह हमला तब हुआ जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपति की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।खान (71) और बीबी (49) को तीन फरवरी को एक निचली अदालत ने इद्दत के दौरान शादी करने के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी।इस्लाम में इद्दत किसी महिला के लिए अपने पति की मृत्यु या तलाक के बाद दूसरी शादी से पहले प्रतीक्षा करने का अनिवार्य समय है।बुशरा के पूर्व पति खावर मेनका ने नवंबर 2023 में दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बुशरा द्वारा इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली थी।उन्होंने अदालत से विवाह को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया था।अदालत ने 23 मई को अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।हाल ही में दोषसिद्धि के खिलाफ बुशरा और उनके पति (इमरान खान) द्वारा दायर अपील की सुनवाई के दौरान इस्लामाबाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद फैसला सुनाए बिना अपने कक्ष में चले गए।



आईसलैंड में एक ज्वालामुखी से उठता हुआ लावा व धूआं।

## अमेरिका में दवाओं की किल्लत... मौज कट रहा भारतीय फार्मा सेक्टर

वाशिंगटन। कैलेंडर वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 22 उपचारों से जुड़ी 323 दवाओं के साथ अमेरिका में दवाओं की कमी हो चुकी है। फार्मा सेक्टर के विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थिति भारतीय दवा (फार्मा) निर्यातकों के लिए बढ़िया मौका है।जानकार ने कहा कि अमेरिकन सोसाइटी ऑफ हेल्थ-सिस्टम फार्मासिस्ट्स के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में सक्रिय दवाओं की कमी कैलेंडर वर्ष 2023 में 300 से 310 दवाओं पर स्थिर हो गई थी लेकिन कैलेंडर वर्ष 24 की पहली तिमाही में ये बढ़कर 323 दवाओं तक पहुंच गई है। हालांकि विश्लेषक संक्रमणरोधी, हार्मोन, ऑन्कोलॉजी जैसी श्रेणियों की इन 323 दवाओं के बाजार आकार का अनुमान देने में सक्षम नहीं थे, लेकिन अमेरिका को कुल निर्यात साल 2023-24 (वित्त वर्ष 24) में पहले ही तेजी से बढ़ चुका है।मामले से जुड़े एक जानकार ने बताया कि इस कमी ने न सिर्फ अमेरिका में भारतीय दवा निर्यात बढ़ाने में मदद की, बल्कि कुल वृद्धि में भी योगदान दिया है।उन्होंने कहा हमने 15.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.72 अरब डॉलर का निर्यात किया।भारत से कुल फार्मा निर्यात 9.6 प्रतिशत तक बढ़कर 27.8 अरब डॉलर हो गया।' इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) के विश्लेषकों का मानना है कि इससे न केवल वॉल्यूम वृद्धि की संभावना उपलब्ध होगी बल्कि अगले 12 से 18 महीने में कीमतों में गिरावट को एक अंक तक सीमित किया जा सकेगा, जिससे रिटर्न में सुधार होगा।अमेरिकी जेनेरिक बाजार में कीमतों में यह गिरावट निकट भविष्य में एक अंक में रहने की उम्मीद है।इसकी मुख्य वजह दवा किल्लत है।

# हमास को मिटाकर ही दम लेगा इजराइल, भले ही खून की नदियां क्यों न बहाना पड़े



**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल हमास का नामो निशान मिटाने के लिए कत्लेआम कर रहा है। उसका संकल्प है कि हर हाल में हमास का नामो निशान मिटाना है। इसके लिए खून की नदियां बहाना पड़े तो बहाएगा लेकिन दुनिया की परवाह नहीं करेगा। जिसे जो कहना है कहता रहे वो हमास को खत्म करने का संकल्प पूरा करके ही दम लेगा। इजराइल को इसमें कितना समय लगेगा, इसे लेकर नई जानकारी सामने आई है। इजराइल ने खुलकर बताया है कि गाजा में अभी सात महीने और जंग चलेगी। एक इजराइली अफसर ने बुधवार को चेतावनी दी कि गाजा में युद्ध साल के अंत तक जारी रह सकता है। बीते दिनों राफा में इजरायल के हमले में 45 से अधिक आम लोग मारे गए। इजरायल की पूरी दुनिया में आलोचना हुई। इसके बाद लगा कि इजराइल युद्ध खत्म कर देगा। मगर अब इजराइल ने साफ तौर पर कह दिया है कि अभी गाजा में युद्ध सात महीने और चलेगा। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तज़ाची हनेगबी की मानें तो इजराइल के वॉर कैबिनेट ने साल 2024 को 'कॉम्बैट ऑफ ईयर यानी लड़ाई का वर्ष' घोषित किया है।

हनेगबी ने कहा, 'हम अब 2024 के पांचवें महीने में हैं। इसका मतलब है कि अपने मिशन में कामयाब होने और हमास को पूरी तरह से खत्म करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में इजरायल को सात महीने और लग सकते हैं।' इजरायली अफसर की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब सेंट्रल राफा में ऑपरेशन शुरू होने के बाद पहली बार इजरायली टैंक देखे गए। इजराइली सैनिक लगातार दक्षिणी गाजा शहर की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि, राफा में इजरायली आक्रमण के खिलाफ पूरी दुनिया गोलबंद है। लगातार इजरायल पर दुनिया प्रेशर दे रही है। मगर बावजूद इसके इजराइल राफा में हमास के खिलाफ जंग में आगे बढ़ रहा है।इससे पहले इजराइली सरकार का मानना था कि राफा में उसके सैनिकों का प्रवेश करना ही युद्ध का अंतिम पड़ाव होगा। मगर अब जिस तरह से इजरायली सैनिकों का एक्शन दिख रहा है। ऐसे में लग भी नहीं रहा कि गाजा में खूनी खेल अभी खत्म होगा।

बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में हमास ने इजरायल पर हमला कर दिया था। इसमें करीब 1,200 लोग मारे गए थे। हमास ने करीब 250 इजरायलियों को बंधक बना लिया था। इसके बाद इजरायल के पलटवार की बारी थी. इजरायल ने हमास के हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। इजरायल ने गाजा में एक विनाशकारी आक्रमण शुरू किया। इजरायल के ताबड़तोड़ हमलों में अब तक 36,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की जान जा चुकी है। बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को खत्म करने की कसम खाई है। यही वजह है कि वो दुनिया की आलोचना की चिंता नहीं कर रहे हैं। इजराइल का वॉर कैबिनेट भी अभी चाहता है कि राफा में इजराइल का एक्शन जारी रहे। इजराइल ने अपने बंधकों को मुक्त करा लिया है। मगर अब हमास का विनाश ही इजरायल का आखिरी मकसद है। इजराइल ने बढ़ते वैश्विक आक्रोश के बावजूद अपने सैन्य हमले को जारी रखा है।

# दुनिया में सजा-ए-मौत के मामलों में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी... ईरान शीर्ष पर

### –अमेरिका, सऊदी अरब में भी बढ़े केस



**नई दिल्ली ।** दुनियाभर में सजा-ए-मौत के मामलों में रिकॉर्ड तोड़ बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने रिपोर्ट में दावा किया है कि साल 2023 में दुनियाभर की विभिन्न सरकारों ने 1153 लोगों को मौत की सजा दी। यह आंकड़ा साल 2022 के मुकाबले 30 फीसदी ज्यादा है। सबसे ज्यादा मौत की सजा मुस्लिम राष्ट्र ईरान में दी गई हैं। ईरानी सरकार ने सालभर में ही 853 लोगों को फंदे पर लटका दिया। इसके अलावा चीन और अमेरिका भी पीछे नहीं हैं। इन दोनों देश में मौत की सजा में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि 2023 में दुनियाभर में कुल 1153 मृत्युदंड दर्ज किए हैं। दर्ज की गई फांसी की सजाओं में वृद्धि मुख्य रूप से ईरान के कारण हुई है। यहां 2023 में करीब 853 लोगों को फांसी दी गई, जबकि 2022 में संख्या 576 थी। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि इस आंकड़े में हजारों मौत की सजाएं शामिल नहीं हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि चीन ने अधिकतर सजा-ए-मौत के मामलों को छिपाया है।

एमनेस्टी ने कहा है कि ईरान में साल 2023 को जिन लोगों को मृत्युदंड दिया गया, उसमें 24 महिलाएं और पांच बच्चे भी शामिल थे। ईरानी अधिकारियों ने सजा-ए-मौत के मामलों में क्रूरता दिखाई है। नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों में भी फांसी की सजा दी गई। ईरान में सबसे ज्यादा फांसी पाने वाले अपराधी गरीब लोग थे। ईरान में मृत्यु दंड के 74 प्रतिशत मामले रिपोर्ट हुए हैं।

### अमेरिका, सऊदी अरब में भी बढ़े केस

संस्था ने कहा कि चीन, ईरान, सऊदी अरब, सोमालिया और अमेरिका 2023 में सबसे अधिक संख्या में फांसी देने वाले पांच देश हैं। एमनेस्टी की वार्षिक रिपोर्ट में 2023 को दर्ज किए गए कुल केस 2015 के बाद सबसे अधिक हैं। 2015 में 1,634 लोगों को फांसी दी गई थी। अमेरिका में मृत्युदंड की दर 18 से बढ़कर 24 हो गई है। वहीं, सजा-ए-मौत के कुल मामलों में 15 फीसदी केस सऊदी अरब के हैं।

## राइसी की मौत के बाद खत्म नहीं हुई कड़वाहट... श्रद्धांजलि कार्यक्रम का बहिष्कार करेगा अमेरिका

**जेनेवा (एजेंसी)।** ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम राइसी की मौत के बाद भी अमेरिका की उनके प्रति कड़वाहट खत्म नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से होने वाली रायसी की श्रद्धांजलि कार्यक्रम का अमेरिका ने बहिष्कार करने का ऐलान किया है। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा पारंपरिक रूप से किसी भी वैश्विक नेता को श्रद्धांजलि देने का नियम है, जो मौत के वक्त अपने ही देश के प्रमुख रहे हो। श्रद्धांजलि समारोह में रायसी के बारे में भाषण दिए जाएंगे। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि हम किसी भी क्षमता में इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने वाले है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने टिप्पणी करने से इंकार किया है।

एक कट्टरपंथी नेता रायसी को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता था। लेकिन 19 मई को अजरबैजान सीमा के पास पहाड़ों में खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर गिरने से मौत हो गई थी। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को ईरान के लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए, न कि उनके दशकों पुराने उत्पीड़क को याद करना चाहिए। रायसी कई भयानक मानवाधिकारों के हनन में शामिल थे, जिसमें 1988 में हजारों राजनीतिक कैदियों की न्यायेतर हत्याएं भी शामिल थीं। सबसे खराब मानवाधिकारों का हनन, विशेषकर ईरान की महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ रायसी के कार्यकाल के दौरान ही हुआ। बात दें कि अमेरिका ने राइसी की मौत पर अपनी आधिकारिक संवेदना व्यक्त की थी। विदेश विभाग ने 20 मई को कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह एक ऐसा व्यक्ति था जिसके हाथों पर बहुत सारा खून लगा था। ईरान के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए कांग्रेस के कुछ रिपब्लिकन सदस्यों द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन की कड़ी आलोचना की गई।

# अफगानिस्तान की नई सरकार को मान्यता देंगे पुतिन, चीन के बाद रूस ने दिए बड़े संकेत



**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान का भविष्य क्या होगा इसे लेकर क्षेत्र के देशों और इंटरनेशनल ताकतों के बीच एक आम सहमति थी। अमेरिका, चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान और ईरान समेत अन्य प्रमुख शक्तियों के बीच इस बात पर आम सहमति थी कि तालिबान सरकार को तब तक मान्यता नहीं दी जाएगी, जब तक वह कुछ शर्तों को पूरा नहीं कर लेता। इन शर्तों में समावेशी सरकार बनाना, महिलाओं और मानवाधिकारों का सम्मान करना और अफगान धरती को आतंकी समूहों के इस्तेमाल के लिए इस्तेमाल न होने देना शामिल है।

अब अफगान तालिबान के साथ एक और देश पूर्ण संबंध स्थापित करने के करीब पहुंच गया है। रूस, जिसे कभी अफगान मुजाहिदीन के हाथों हार का सामान करना पड़ा, उसने तालिबान सरकार को मान्यता का संकेत दिया है। पहले कदम के तहत रूसी न्याय और विदेश मंत्रालय ने राष्ट्रपति पुतिन से अफगान तालिबान को आतंकी संगठनों की लिस्ट से हटाने की सिफारिश की। रूस ने 2003 में अफगान तालिबान पर प्रतिबंध लगा दिया था। अगर रूस प्रतिबंध हटा लेता है, तो तालिबान सरकार की संभावित मान्यता का रास्ता साफ हो जाएगा।राष्ट्रपति पुतिन ने इस सप्ताह कहा कि अफगान तालिबान एक वास्तविकता है। वहीं रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष ने कहा कि मॉस्को तालिबान सरकार के साथ पूर्ण संबंध स्थापित करने के करीब है। दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि तालिबान अब सत्ता में हैं और हम उनके साथ पूर्ण संबंध स्थापित करने के करीब हैं। मेदवेदेव ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में स्थिति बदल गई है। तालिबान को एक समय आतंकी माना जाता था, लेकिन अब चीजें अलग हैं। अफगानिस्तान में रूस के विशेष दूत जमीर काबुलोव ने कहा कि सत्ता में आने के बाद तालिबान ने मान्यता पाने की दिशा में एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने आगे कहा कि अभी भी कुछ बाधाएं हैं, जिन पर काबू पाना बाकी है। बता दे कि पाकिस्तान उन तीन देशों में से एक था, जिसने 1996 से 2001 तक तालिबान के पहले शासन को मान्यता दी थी, लेकिन इस बार वह मान्यता को लेकर अंतरराष्ट्रीय सहमति से जुड़ गया। लेकिन तालिबान को लेकर अंतरराष्ट्रीय सहमति टूटती दिख रही है। दरार का पहला संकेत मार्च में दिखा जब चीन ने तालिबान शासन की ओर से नियुक्त पूर्णकालिक राजदूत को स्वीकार कर लिया। चीन ने तालिबान सरकार को आधिकारिक तौर पर मान्यता नहीं दी है। लेकिन पूर्णकालिक राजदूत को स्वीकार करना एक मौन मान्यता के तौर पर देखा जा रहा है।

# 7 पुरुष और 5 महिलाएं.....इन 12 लोगों के हाथ में हैं ट्रंप का राजनैतिक भविष्य

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** कभी कारोबार की दुनिया के बेताज बादशाह रहे डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से ही लगातार गलत वजहों से सुर्खियों में रहे हैं। कभी उनकी जुबान, कभी उनकी हरकतों को लेकर लोगों ने खूब खरी-खोटी सुनाई। हालांकि इसके बावजूद वे अडिग रहे और अब एक बार फिर से राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाने की तैयारी में हैं। हालांकि एक मुकदमा उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर सकता है। ट्रंप के खिलाफ यह केस किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी से कम नहीं। इसमें एक पोर्न स्टार है, एक करीबी वकील है जो अब 'भेदी' बन चुका है और शामिल हैं ढेर सारे रुपये। आरोप है कि ट्रंप ने अपने इस राजदार वकील के द्वारा ये पैसे उस पोर्न स्टार को दिलवाए, ताकि वह उनके राज न खोले। ट्रंप के खिलाफ इस केस को हश मनी ट्रायल का नाम दिया गया, यानी मुंह बंद रखने के लिए पैसे देने का केसज्‍ इस मामले में सुनवाई पूरी हो चुकी है और अब उनकी इज्जत, किस्मत और राष्ट्रपति बनने का अरमान पर कोर्ट फैसला सुनाएगा। ट्रंप की किस्मत अब 12 लोगों के हाथ में टिकी है। इसमें 7 पुरुष और 5 महिलाएं हैं, जो न्यूयॉर्क के आम शहरी हैं।

ट्रंप के खिलाफ हश मनी ट्रायल की सुनवाई कर रहे जज युआन मर्चेन ने इन 12 जूरी मेंबर्स को आपस में सलाह-मशविरा करके इस फैसले पर पहुंचने को कहा है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हश मनी मामले में गुनहगार है या नहीं। उनके फैसले पर ही निर्भर करेगा ट्रंप फिर से व्हाइट हाउस में दोबारा काबिज होते हैं, या फिर इतिहास के पन्नों में एक बदनाम राष्ट्रपति के रूप में सिमट कर रह जाएंगे। मामले में करीब 10 घंटे तक इतनी जोरदार बहस हुई, जैसे मानो कोर्ट रूम मैदान ए जंग बन गया हो। दोनों तरफ के वकीलों की इन आखिरी दलीलों के बाद मुकदमे की सुनवाई अपने अंतिम चरण में पहुंच गई।

मामले में सरकारी वकील जोशुआ स्टीनग्लास ने जूरी से कहा, 'आपको ध्यान भटकाने वाली बातों, प्रेस, राजनीति, शोर-शराबे को एक तरफ रखना होगा. सबूतों और उनसे निकाले जा सकने वाले तार्किक निष्कर्ष पर ध्यान दें। इस केस में सरकारी वकीलों ने पूर्व राष्ट्रपति पर 'साजिश और कवर-अप' का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ट्रंप ने एडल्ट फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे दिए और इस बात को छिपाने के लिए वित्तीय रिकॉर्ड में हेराफेरी की और फिर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में वोटर्स को धोखे में रखा।

वहीं ट्रंप ने पोर्न स्टार के साथ किसी तरह के संबंध से इंकार कर खुद को निर्दोष बताया है। उनके बचाव पक्ष के मुख्य वकील टॉड ब्लैंच ने मामले के मुख्य गवाह माइकल कोहेन की विश्वसनीयता को ही कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प 'ठग' बताने वाले कोहेन को 'अब तक का सबसे बड़ा झूठा' करार दिया।



ट्रंप के खिलाफ इस हश मनी केस में 34 आपराधिक मामले चल रहे हैं। अब इस मामले में जूरी पर फैसला छोड़ दिया गया है। ट्रंप को दोषी ठहराने के लिए जूरी को पहले यह देखना होगा कि उन्होंने वित्तीय दस्तावेजों में हेराफेरी की और ऐसा किसी दूसरे जुर्म को छुपाने के मकसद से किया गया। जूरी मेंबर्स पर फैसले तक पहुंचने के लिए वक्त की कोई पाबंदी नहीं रखी गई है, लेकिन एक बार वह फैसले पर पहुंच गए, तब उसकी गूंज पूरी दुनिया में होगी।

## राजकोट अग्निकांड : पुलिस आयुक्त समेत ट्रांसफर किए गए अधिकारियों से होगी पूछताछ

अहमदाबाद । राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन अग्निकांड की तेज हो गई है। मामले की जांच के लिए गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) के मुखिया सुभाष त्रिवेदी बीते दिन ही संकेत दे दिया था कि घटना के लिए जिम्मेदार किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। वह आईएएस हो या आईपीएस कार्यवाही से बच नहीं पाएगा। आज एसआईटी ने राजकोट के तत्कालीन पुलिस आयुक्त राजु भार्गव और महानगर पालिका आयुक्त आनंद पटेल को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके अंतर्गत आज राजकोट शहर के तत्कालीन पुलिस आयुक्त राजु भार्गव और राजकोट महानगर पालिका के तत्कालीन आयुक्त आनंद पटेल से गांधीनगर में पूछताछ की जा रही है। दरअसल अग्निकांड के बाद एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें चार अधिकारी गेमिंग जोन में खड़े दिख रहे हैं। इन चार अधिकारियों से भी एसआईटी पूछताछ करेगी। चार अधिकारियों में तत्कालीन कलेक्टर अरुण महेश बाबू, जोन-1 के तत्कालीन डीसीपी प्रवीण मीणा, तत्कालीन एसपी बलराम मीणा, राजकोट महानगर पालिका के तत्कालीन आयुक्त अमित अरोरा शामिल हैं। अग्निकांड को लेकर टीआरपी जोन जब से शुरू हुआ तब से लेकर अब तक राजकोट में नियुक्त हुए सभी अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी। बता दें कि राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन अग्निकांड के लिए सरकार ने सीआईडी क्राइम के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुभाष त्रिवेदी की अध्यक्षता में 5 सदस्यों की एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी में सुभाष त्रिवेदी के अलावा बंछानिधी पानी, एफएसएल के निदेशक एचपी संघवी, चीफ फायर ऑफिसर जेएन खडिया और सड़क व आवास विभाग के अधीक्षक अभियंता एमबी देसाई शामिल हैं। एसआईटी ने प्राथमिक जांच की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। जबकि फाइनल रिपोर्ट के लिए 10 दिनों का समय मांगा है।

## कर्नाटक के एक व्यक्ति ने पत्नी की खाल उतारी, रात का खाना न परोसने पर उसका सिर काटा

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक के तुमकुर में एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि उसने उसे रात का खाना नहीं परोसा था। आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या की, उसका सिर काटा और उसकी खाल उतारी। व्यक्ति के घर से मिली भयावह तस्वीरों में महिला का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। उसके पति द्वारा उसकी खाल उतारने के कारण उसकी नसें और आंतें दिखाई दे रही हैं। उसके शव के बगल में उसका कटा हुआ सिर भी देखा जा सकता है। पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार रात कुनिगल तालुक के हुलियुरुदुर्ग शहर में हुई। आरोपी शिवराम, जो एक आरा मशीन में काम करता है, का अपनी पत्नी पुष्पलता (35) के साथ अक्सर झगड़ा होता रहता था। सोमवार की रात को पुष्पलता द्वारा अपने पति को रात का खाना न परोसने पर दंपति में कहासुनी हो गई। इसके बाद शिवराम के रोजगार को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्से में शिवराम ने पुष्पलता को चाकू घोंप दिया और फिर उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे उसके शरीर के कई हिस्से क्षत-विक्षत हो गए। वह मंगलवार की सुबह तक उसके शरीर की खाल उतारता रहा और अपने मकान मालिक को अपने अपराध के बारे में बताया। इस भयावह कृत्य के दौरान दंपति का आठ वर्षीय बेटा सो रहा था। तुमकुर के पुलिस अधीक्षक अशोक वेंकट ने कहा, फ्रघटनास्थल पर 35 वर्षीय महिला का शव मिला। उसका पति भी मौके पर था। पूछताछ के दौरान उसने हत्या की बात कबूल कर ली।' पुलिस अधिकारी ने कहा 'हमने आरोपी को पकड़ लिया है। शिवराम और पुष्पा 10 साल से अंतरजातीय विवाह में विवाहित थे। उनके बीच छोटी-मोटी लड़ाइयाँ होती थीं। कल उनका रोजगार के मुद्दों पर झगड़ा हुआ। उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और अपने नियोक्ता को सूचित किया। उन्होंने तुरंत हमें सूचित किया। हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 49 डिग्री पारा यूपी में हुआ जानलेवा... 51 लोगों की मौत

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में इन दिनों प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। प्रदेश में पारा 49 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। इसकारण ये गर्मी जानलेवा बनाती जा रही है। बुधवार को प्रदेश में 51 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को भी प्रदेश के कई इलाके लू की चपेट में रहने वाले हैं। इसके बाद बंगाल की खाड़ी से आने वाली आर्द्र पुरवा हवाओं की सक्रियता बढ़ने से बादलों की आवाजाही से कुछ राहत मिलने के आसार है। जानकारी के मुताबिक, बुंदेलखंड में प्रचंड गर्मी और लू की चपेट में आने से 31 लोगों की जान चली गई। इसमें महोबा में आठ, हमीरपुर में सात, चित्रकूट में छह, फतेहपुर में पांच, बांदा में तीन और जालौन में दो लोगों की मौत हो गई। इसमें से ज्यादातर लोग किसी काम से बाहर निकले थे और रास्ते में ही अचेत होकर गिर गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। बहराइच में लू की चपेट में आने से नानपारा व कैसरगंज तहसील क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई। इसतरह प्रयागराज में एक दरोगा सहित 4 लोगों की जान चली गई। ग्रेटर नोएडा में मेरठ निवासी एक बुजुर्ग की लू लगने से मौत हो गई। बलिया में 1 महिला की मौत हो गई। वहीं, वाराणसी में छह, मिर्जापुर में तीन, आजमगढ़, जौनपुर और सोनभद्र में एक-एक की मौत हुई है। आशंका है कि इन सभी लोगों की मौत भीषण गर्मी के चलते हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आगरा में लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार-पांच दिनों में प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से आने वाली आर्द्र पुरवा हवाओं की सक्रियता बढ़ने से बादलों की आवाजाही होगी। इससे कहीं-कहीं वर्षा की संभावना के साथ तापमान में गिरावट देखने को मिलेगा।

## महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों में हुई मारपीट

उज्जैन। महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प की घटना सामने आई है। ये मारपीट की घटना भगवान महाकाल की शयन आरती के दौरान प्रवेश को लेकर हुई। जानकारी के अनुसार शंख द्वार बंद होने के बाद श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद कुछ श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मी के बीच बहस होने के बाद मारपीट होने लगी। मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारियों ने इस मामले की जांच की बात कही है। घटना का वीडियो भी इंटरनेट पर काफी वायरल हो रहा है। दूसरी ओर ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में बीते दो दिनों में भक्तों ने 10 जंबो कूलर दान किए हैं। इन कूलर को टनल, विश्राम धाम आदि स्थानों पर लगाया जाएगा। इससे भीषण गर्मी में दर्शनार्थियों को राहत मिलेगी। पीआरओ गौरी जोशी ने बताया 28 मई को नई दिल्ली के श्रद्धालु संदीप कपूर ने मंदिर समिति को 6 जंबों टेंट कूलर भेंट किए हैं। इसी प्रकार बुधवार को उज्जैन निवासी पवन विश्वकर्मा, राजेश श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल व हरीश देवनानी ने 4 जंबो कूलर भेंट किए।

## खुद को सांसद शशि थरूर का पीए बताने वाला सोने की तस्करी में गिरफ्तार

नई दिल्ली। यहां के आइजीआई एयरपोर्ट से कस्टम अधिकारियों ने एक शख्स को सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को कांग्रेस सांसद शशि थरुर का पीए बताया है। आरोपी शिव कुमार अपने किसी परिचित से सोने का हैंडओवर ले रहे थे, जो कि विदेश दौरे से लौटा था। बताया जा रहा कि उस शख्स ने विदेश से लाए गए गोल्ड शिव कुमार को सौंपे थे। इसी दौरान कस्टम विभाग ने कार्रवाई की तो उन्हें पहले हिरासत में लिया गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें इससे पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर गोल्ड स्मगलिंग के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। पिछले हफ्ते ही सोने की तस्करी के केस में कस्टम ने 5 विदेशी नागरिकों को पकड़ा था। इससे पहले मुंबई एयरपोर्ट पर भी सोने की स्मगलिंग का पर्दाफाश हुआ था। जानकारी के मुताबिक, शिव प्रसाद दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 में किसी से मिलने पहुंचे थे। वो शख्स विदेश दौरे से लौटा था। टर्मिनल-3 पर आने वाली फ्लाइट से आए यात्रियों पर कस्टम विभाग के अधिकारी खास नजर रखते हैं। इसी दौरान ग्रीन चैनल पर कस्टम की टीम ने शिव कुमार को जांच के लिए रोका। जांच में उनके कब्जे से करीब 55 लाख का सोना बरामद किया गया। जब उनसे इस गोल्ड के बारे में पूछा गया तो वो उसे लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसी के बाद कस्टम विभाग की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# 'बीजेपी 140 से ज्यादा सीटें नहीं जीतेगी', अखिलेश यादव बोले- मंगलवार के दिन मंगल होगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के प्रचार के अखिरी दिन अलग-अलग चुनावी सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये लोग पिछले 6 चरणों का चुनाव देख कर के लड़खड़ा गए हैं, ना केवल खुद लड़खड़ाए हैं अब ऐसे लड़खड़ाए हैं कि उन्हें छड़ी भी बचा पाएगी। घोसी में यादव ने कहा कि इस बार देश की 140 करोड़ जनता, इनको 140 सीटों के लिए तरसा देगी, क्योंकि इन्होंने किसानों को धोखा दिया, नौजवानों को धोखा दिया, माताओं बहनों के धोखा दिया। इन तीनों का त्रिकोणीय वार इन पर होने जा रहा है।

अखिलेश ने कहा कि 2022 के चुनाव में राशन में क्या क्या दे रहे थे और आज क्या दे रहे है, कटौती हो गई कि नहीं? समाजवादी पार्टी और INDIA गठबंधन ने तय किया है जहां राशन बढ़ेगा, मात्रा बढ़ाएंगे, पौष्टिक आटा देंगे, और डाटा देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड से बीजेपी वालों का बैंड बज गया है। इन्होंने बड़े बड़े लोगों को नहीं छोड़ा, इन्होंने वैक्सीन वालों से भी वसूली कर ली। सुनने में आया जिन्होंने वैक्सीन लगवा ली है उन्हें बीमारी होने जा रही है।

सपा नेता ने कहा कि हम अपने किसान भाइयों को कह के जा रहे हैं कि INDIA गठबंधन ने तय किया है कि ये बड़े लोगों का कर्ज माफ कर सकते हैं तो जब सरकार बनेगी हम अपने किसान भाइयों और गरीबों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा नौजवान नौकरी के लिए दर दर भटक रहा है, सरकारी नौकरी नहीं मिल रही, आरक्षण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जो लोग आरक्षण से खिलवाड़ कर रहे हैं उनको जनता इस बार छोड़ेगी नहीं, उनको सबक सिखाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि रिजल्ट आ रहा है 4 जून को, उस दिन मंगल का दिन है, उस दिन मंगल होगा। जो लोग झूठ बोल रहे हैं जनता को धोखा दे रहे हैं वो लोग PDA और INDIA गठबंधन से घबराए हुए हैं।

अखिलेश ने कहा कि मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि लोकतंत्र को बचाने के लिए, अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए...इंडिया गठबंधन की मदद करें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 1 लाख किसानों ने आत्महत्या की, इतने युवाओं की नौकरियाँ चली गईं। बीजेपी ने रोजगार न देने का रिकॉर्ड बनाया। इंडिया गठबंधन आश्वासन देता है कि हम रोजगार देने का रिकॉर्ड बनाएंगे। बीजेपी 140 से ज्यादा सीटें नहीं जीतेगी।

## बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू, हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों ने भी दी नागरिकता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक सरकारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया, बंगाल में अधिकार प्राप्त समिति ने राज्य से प्राप्त आवेदनों के पहले सेट को नागरिकता प्रदान कर दी। दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था कि सीएए केवल भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए है। जो शरणार्थी दूसरे देशों में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर आए हैं। उन इस कानून से देश की नागरिकता दी जाएगी। बंगाल ही नहीं हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने भी बुधवार को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत अपने-अपने राज्यों में आवेदकों के पहले समूह को नागरिकता प्रदान की है। दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट 15 मई, 2024 को नई दिल्ली में आवेदकों को केंद्रीय गृह सचिव द्वारा सौंपा गया था। विज्ञप्ति में कहा गया कि इन नियमों के अनुसरण में पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्होंने उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश किया है।




## 2019 के रिकॉर्ड को पीएम मोदी ने तोड़ा, 200 से अधिक रैलियों रोड शो में हुए शामिल, 80 से ज्यादा इंटरव्यू भी दिए




**पटना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 200 से अधिक रैलियों और रोड शो के साथ गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर में चुनावी संबोधन के साथ लोकसभा चुनाव के लिए अपना अभियान समाप्त किया। प्रधानमंत्री अब 30 मई की शाम से 1 जून तक तमिलनाडु के कन्याकुमारी में विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में लगभग दो दिन (45 घंटे) ध्यान करेंगे और स्वामी विवेकानन्द से जुड़े स्थल पर आध्यात्मिक खोज में संलग्न रहेंगे। चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद से, 2024 में 400 से अधिक सीटों के लक्ष्य और अपनी पार्टी की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए, मोदी ने रैलियों और रोड शो सहित कुल 206 सार्वजनिक-पहुंच कार्यक्रम आयोजित किए।

प्रधान मंत्री ने 2019 के चुनावों के दौरान स्टंप पर अपनी लगभग 145 सार्वजनिक व्यस्तताओं को बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया। इस बार प्रचार की अवधि 76 दिन की थी, जबकि पांच साल पहले चुनाव में यह 68 दिन थी। जब चुनाव आयोग ने चुनावों की घोषणा की, तो मोदी 15 मार्च से 17 मार्च के बीच तीन दिनों में सभी पांच राज्यों को कवर करते हुए दक्षिणी भारत के राजनीतिक दौरे पर थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश में अपनी किस्मत चमकाने की कोशिश कर रही है - तीन राज्य जहां उसने 2019 में कोई सीट नहीं जीती थी - और कर्नाटक में अपनी ताकत बनाए रखने और तेलंगाना में अपनी सीटें बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उनके अभियान की सफलता की सीमा 4 जून को ही पता चलेगी, जब चुनाव परिणाम घोषित होने वाले हैं।

73 साल की उम्र में, मोदी न केवल रैलियों की संख्या और उनके द्वारा तय की गई दूरी के मामले में किसी भी अन्य नेता से आगे थे लेकिन वह अपनी पार्टी के लिए सबसे बड़ा वोट चुंबक बने रहे, जिनकी टिप्पणियों को आलोचकों ने नकार दिया और भाजपा के उत्साही समर्थकों ने इसे हाथों-हाथ लिया, जिससे चुनाव की कहानी तय हो गई। प्रधानमंत्री ने चुनाव शुरू होने के बाद से प्रतिदिन औसतन एक से अधिक, कुल 80 मीडिया साक्षात्कार दिए।

## इंडिया गठबंधन करेगा पीएम का चयन 48 घंटे में : जयराम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन स्पष्ट व निर्णायक जनादेश हासिल करेगा और परिणामों के 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री के नाम का चयन भी कर लेगा। यह बात कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को एक साक्षात्कार के दौरान कही।

लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण 1 जून के मतदान से पूर्व चुनाव प्रचार के आखिरी दिन साक्षात्कार दे रहे कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में जिस दल को सबसे अधिक सीट मिलेंगी, वही दल अगली सरकार का नेतृत्व करने का स्वाभाविक दावेदार होगा। उन्होंने इसी बीच कहा कि बहुमत मिलने के बाद तो एनडीए के भी कुछ साथी इंडिया में शामिल हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस आलाकमान यह तय करेंगे कि उन्हें गठबंधन में शामिल करना है या नहीं। वहीं एक सवाल के जवाब में जयराम रमेश ने कहा कि नीतीश कुमार पलटी मारने में उस्ताद हैं। वहीं चंद्रबाबू नायडू 2019 में कांग्रेस के साथ थे। ऐसे में उन्होंने दावे के साथ कहा कि यहां बस यही कहूंगा कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलेगा, तो एनडीए के कुछ घटक दल भी इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस सब के लिए तो कांग्रेस आलाकमान खड़गे, श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी को फैसला करना होगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम ने पहेली बुझाते हुए कहा, कि इंडिया गठबंधन और एनडीए (राजग) में सिर्फ दो शब्दों का ही अंतर है। इंडिया से यदि दो आई निकाल दें तो एनडीए बचता है। इन दो आई का मतलब ही इंसानियत और ईमानदारी है। ऐसे में जिन राजनीतिक दलों में इंसानियत और ईमानदारी है वो इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की कोई लहर नहीं है, सिर्फ निवर्तमान प्रधानमंत्री का जहर नजर आया है। उन्होंने कहा कि 20 साल बाद इतिहास फिर दोहराएगा और विपक्षी गठबंधन को स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश मिलेगा।

## आजम खान को जुर्माने के साथ 10 साल की सजा, डूंगरपुर मामले में रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने सुनाई सजा

रामपुर,(ईएमएस)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को डूंगरपुर बस्ती मामले में आज रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आजम पर 14 लाख का जुर्माना भी तय किया है। कोर्ट ने बुधवार को आजम और बरकत अली को दोषी करार दिया था, जिस पर आज आदेश जारी किया है। जिला शासकीय सहायक अधिवक्ता सीमा सिंह राणा के मुताबिक सपा नेता आजम खान को 10 और बरकत अली को 7 साल की सजा कोर्ट ने सुनाई है। आजम और बरकत पर घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट करने का आरोप था। आजम खान फिलहाल सीतापुर जेल में कैद हैं। जेल से ही वीडियो कॉफ्रेसिंग के जरिये उनकी पेशी की गई। आज जिस मामले में आजम को दोषी ठहराया गया, वह अबरार पुत्र नन्हें खां ने दर्ज कराया था। डूंगरपुर बस्ती मामले से जुड़े चार अन्य मुकदमों में अब तक फैसले आ चुके हैं।

## जल संकट पर हरियाणा से तनातनी... सुप्रीम कोर्ट जाएगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के विभिन्न हिस्से इनदिनों पानी की कमी से जूझ रहे है। वहीं पानी की किल्लत को लेकर केजरीवाल सरकार सुप्रीम कोर्ट जाने को तैयार है। दिल्ली सरकार मुद्दे के समाधान के लिए गुरुवार को आपातकालीन बैठक बुलाई। जल संकट पर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि हम एक सेंट्रल वॉटर टैंकर का वॉर रूम दिल्ली जल बोर्ड में स्थापित कर रहे हैं। इस वॉर रूम का नेतृत्व एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी द्वारा किया जाएगा। जो भी दिल्लीवासी पानी का टैंकर चाहते हैं वे 1916 पर कॉल कर सकते हैं। 5 तारीख से दिल्ली के हर वॉटर जोन में एक एडीएम स्तर और एक एसडीएम स्तर के अफसर को तैनात किया जाएगा। वे त्वरित प्रतिक्रिया टीम बनाएंगे जो पानी की कमी वाले इलाकों में ग्राउंड पर उपलब्ध होगी... हम दिल्ली जल बोर्ड की 200 प्रवर्तन टीमें बना रहे हैं जो पानी की बर्बादी की जांच करेगी।

आतिशी ने आरोप लगाया है कि हरियाणा द्वारा यमुना में दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़े जाने के कारण जलापूर्ति में कमी आई है। दिल्ली सरकार ने पानी की बर्बादी पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया और जुर्माना लागू करने के लिए 200 टीमें गठित कीं। साथ ही सरकार ने जल संकट से प्रभावित इलाकों में दो पालियों में ट्यूबवेल चलाने और जलापूर्ति के लिए पानी के टैंकर भेजने जैसे कदम उठाने का भी फैसला किया है।

## एनडीए नेताओं का तंज, 1 जून को इंडिया गठबंधन ने बैठक नहीं... शोक सभा बुलाई

**-चिराग पासवान ने कहा, तय होगा किसके घर होगी मटन पार्टी**

**पटना (एजेंसी)।** इंडिया गठबंधन ने आगामी 1 जून को बैठक बुलाई है। बैठक के लिए सभी घटक दलों को न्यौता भेजा गया है। नतीजे से पहले होने वाली बैठक को लेकर सियासी बयानबाजी शुरु हो गई है। एनडीए में शामिल दलों के नेता इस बैठक पर तंज कस रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान से लेकर बीजेपी नेता संजय जायसवाल ने इंडिया गठबंधन की बैठक पर कटाक्ष किया है।

पासवान ने कहा, ये लोग बैठक बुला रहे हैं। बैठक में यह तय होगा कि दिन किसके घर पर मटन बनेगा और किसके घर पर नहीं। चुनाव प्रचार के बाद इन लोगों के पास अब खाना खिलाने के अलावा कोई काम नहीं बचा है। अब ये लोग 1 तारीख को यह तय करने वाले हैं कि चार तारीख को कौन-कौन किसके यहां भोज पर जाएगा। ये लोग सरकार बनाने की चिंता से मुक्त हो जाएंगे, क्योंकि ना ही इन लोगों को सरकार चलानी है और ना ही देश बचाना है। प्रधानमंत्री तीसरी बार शपथ लेने की तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन में सनातन को बीमारी बताने वाले लोग शामिल हैं। इस गठबंधन में शामिल सभी लोग सनातन को खत्म करने की बात करते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते हैं कि शक्ति का विनाश होना चाहिए। वहीं प्रधानमंत्री शक्ति की आराधना करते हैं, तब उन्हें यह बात चुभती है। चिराग ने राहुल गांधी द्वारा अग्निवीर योजना की आलोचना करने कहा, राहुल गांधी कह रहे हैं कि योजना को बंद किया जाएगा। वैसे भी ये सत्ता में आएंगे नहीं, लेकिन अगर गलती से आ भी गए, तब ये ना महज 'अग्निवीर योजना', बल्कि किसानों को फायदा पहुंचाने वाली 'किसान सम्मान निधि' के अलावा तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को भी बंद कर दिया जाएगा। ये वही इंडिया अलायंस के लोग हैं, जो पहले यह नारा देते थे कि गरीबी हटाओ, गरीबी हटाओ। इन लोगों की तीन पुश्तें बीत गईं, लेकिन आज तक ये लोग गरीबी नहीं हटा सके, लेकिन आज जब प्रधानमंत्री मोदी गरीबी को खत्म करने की दिशा में कमर कस चुके हैं,

वहीं बीजेपी नेता संजय जायसवाल ने भी बैठक को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा, अगर मरीज के बारे में पता चल जाए कि इसका ब्रेन डेथ हो गया है, तब उस पर चर्चा मौत की घोषणा से पहले होती है। उन्हें अच्छे से पता है कि चार जून को उनका समापन निश्चित है। चार जून के बाद ये लोग बैठक करने के लायक नहीं रहने वाले हैं, इसलिए ये लोग एक जून को अपना शोक सभा कर रहे हैं। वहीं इस बैठक पर अभी इंडिया गठबंधन के नेता कुछ भी कहने से बच रहे हैं। बैठक में केजरीवाल, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव सहित तमाम विपक्षी दलों के प्रमुखों को न्यौता भेजा गया है।

## चीन की मदद से एलओसी पर बंकरों का निर्माण, ड्रोन की तैनाती कर रहा पाकिस्तान

**-भारतीय सेना और खुफिया एजेंसियां हुईं सतर्क**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** । चीन बीते तीन साल से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान के लिए रक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। चीन जम्मू-कश्मीर से लगती पाकिस्तान की सीमा पर लोहे से ढके बंकरों का निर्माण कर रहा है। इतना ही नहीं पाकिस्तान के लिए मानव रहित लड़ाकू हवाई उपकरणों की तैनाती की जा रही है। साथ ही चीन एलओसी पर अत्यधिक गोपनीय कम्यूनिकेशन टावर्स की स्थापना और अंडरग्राउंड फाइबर केबल बिछाने में भी मदद कर रहा है। चीन मूल की उन्नत रडार प्रणाली, जैसे 'जेवाई' और 'एचजीआर' को मध्यम और कम ऊंचाई वाले लक्ष्य का पता लगाने की क्षमताएं बढ़ाने के लिए तैनात किया गया है, जिससे सेना और वायु रक्षा इकाइयों को महत्वपूर्ण खुफिया सहायता मिलती है। चीनी कंपनी की बनाई 155 एमएम होवित्जर तोप एसएच-15 की मौजूदगी भी एलओसी से लगते विभिन्न स्थानों पर देखी गई है।

इस कदम को चीन के पाकिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत बनाने और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विशेष रूप से चाइना पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) को लेकर हुए निवेश की सुरक्षा के तहत देखा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि अग्रिम चौकियों पर साल 2014 की तरह चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी नहीं मिली है, लेकिन कुछ सुरागों से पता चला है कि चीनी सैनिक और इंजीनियर एलओसी पर भूमिगत बंकरों के निर्माण सहित बुनियादी ढांचे बना रहे हैं। अधिकारियों कहा कि चीनी विशेषज्ञ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की लीपा घाटी में सुरंग निर्माण में लगे हैं, जिससे काराकोरम राजमार्ग से जुड़ने वाली एक ऑल वेदर सड़क के निर्माण के संकेत मिल रहे हैं।

यह रणनीतिक कदम चीन की महत्वाकांक्षी 46 अरब डॉलर की सीपीईसी परियोजना से जुड़ा है, जिसका लक्ष्य चीन के अवैध कब्जे वाले क्षेत्र काराकोरम राजमार्ग के जरिए पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह और चीन में शिनजियांग प्रांत के बीच एक सीधा मार्ग स्थापित करना है। साल 2007 में एक चीनी टेलीकॉम कंपनी ने एक पाकिस्तानी टेलीकॉम कंपनी का अधिग्रहण कर चाइना मोबाइल पाकिस्तान (सीएमपैक) का गठन किया था। यह चाइना मोबाइल कम्युनिकेशंस कॉर्पोरेशन की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।



# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।**

देश की राजधानी दिल्ली समेत अन्य महानगरों में गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, चेन्नई में पेट्रोल-डीजल की कीमत में 10 पैसे की मामूली बढ़ोतरी हुई है। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल के दाम 94.72 रुपये, तो वहीं डीजल के दम 87.62 रुपये प्रति लीटर हैं।

मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल की कीमत 90.76 रुपये प्रति लीटर है।

चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.85 रुपये तो वहीं डीजल की कीमत 92.43 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.79 रुपये प्रति लीटर. डीजल 87.83 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये प्रति लीटर, डीजल 87.76 प्रति लीटर, जोधपुर में पेट्रोल 94.43 रुपये प्रति लीटर, डीजल 91.20 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर.डीजल 90.36 रुपये रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर, डीजल 92.04 रुपये रुपये प्रति लीटर, मुजफ्फरनगर में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर, डीजल 87.72 रुपये प्रति लीटर, मेरठ में पेट्रोल 94.43 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.49 रुपये प्रति लीटर है।

## बीमा कंपनी एक घंटे में नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लें: इरडा

**नई दिल्ली ।**

बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने स्वास्थ्य बीमा पर एक मूल परिपत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि बीमा कंपनी को अनुरोध के एक घंटे के भीतर नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना होगा।

इरडा ने बयान में कहा कि स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर परिपत्र ने पहले जारी किए गए 55 परिपत्रों को निरस्त कर दिया है। यह बीमाधारकों के सशक्तीकरण को सुदृढ़ करने और समावेशी स्वास्थ्य बीमा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीमा नियामक ने कहा` कि परिपत्र में बीमाधारक, संभावितों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य बीमा नीति में पात्रताओं को उनके आसान संदर्भ के लिए एक स्थान पर लाया गया है और साथ ही स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले पॉलिसीधारक को निर्बाध, तेज दावा अनुभव प्रदान करने और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में उन्नत सेवा मानकों को सुनिश्चित करने के उपायों पर जोर दिया गया है।




इसमें कहा गया है कि बीमा कंपनियों द्वारा सभी आयु, क्षेत्रों, चिकित्सा स्थितियों, सभी प्रकार के अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के लिए विविध बीमा उत्पादों की पेशकश करके बीमाधारकों की सामर्थ्य के अनुरूप व्यापक विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें ग्राहक सूचना पत्र (सीआईएस) का भी उल्लेख किया गया है, जो बीमा कंपनी द्वारा प्रत्येक बीमा दस्तावेज के साथ प्रदान किया जाता है।

# कार 10 मिनट और डेड लैपटॉप या फोन होंगे एक मिनट में रीचार्ज



### -भारतीय मूल के रिसर्चर और उनकी टीम ने किया कमाल

**नई दिल्ली ।**

इलेक्ट्रिक कार को 10 मिनट और डेड लैपटॉप या फोन को एक मिनट के भीतर चार्ज किया जा सकेगा। यह कमाल कर दिखाया है भारतीय मूल के रिसर्चर अंकुर गुप्ता और उनकी टीम ने। इस टीम एक नई टेक्नोलॉजी खोज निकाली है। एक स्टडी में रिसर्चर्स ने पता लगाया कि आयन नामक छोटे चार्जड पार्टिकल्स सूक्ष्म छिद्रों के एक कंपलेक्स नेटवर्क के भीतर कैसे चलते हैं। अमेरिका स्थित कोलोराडो बोल्डर यूनिवर्सिटी में केमिकल एंड बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर गुप्ता ने बताया, ÷इस सफलता से 'सुपरकैपेसिटर' जैसे अधिक कुशल एनर्जी स्टोरेज डिवाइस के विकास को बढ़ावा मिल सकता है। ÷ गुप्ता ने कहा, ÷यह नई खोज व्हीकल्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में एनर्जी स्टोरेज के लिए ही नहीं बल्कि यह पावर ग्रिड के लिए भी महत्वपूर्ण है।जहां ऊर्जा की मांग में उतार-चढ़ाव के कारण समय बचाने और उच्च मांग के दौरान स्पीड डिलीवरी की जरूरत होती है। सुपरकैपेसिटर, एनर्जी स्टोरेज डिवाइस अपने छिद्रों में आयन कलेक्शन पर निर्भर करते हैं।यह बैटरी की तुलना में तेज चार्जिंग समय और लंबे लाइफ वाले होते हैं।

रिसर्चर्स के मुताबिक सुपरकैपेसिटर की प्राइमरी अपील उसकी स्पीड पर निर्भर करती है। रिसर्चर्स ने कहा कि यह खोज मिनटों में हजारों परस्पर जुड़े छिद्रों के कंपलेक्स नेटवर्क में बैटरी में आयन के फ्लो को बढ़ाती है। अगर भारतीय मूल के रिसर्चर्स अंकुर गुप्ता और उनकी टीम का यह रिसर्च कारगर साबित होता है तो व्हीकल्स को तेजी और सुविधाजनक तरीके से चार्ज किया जा सकेगा। यह नई टेक्नोलॉजी अगर सक्सेस होती है तो इससे समय और पैसा दोनों की बचत हो सकेगी।

# पोको एक्स6 5जी को काफी सस्ते दाम पर खरीदने का मौका

### -फटाफट चार्ज हो जाएगी इसकी 5100 एमएएच वाली बैटरी




**नई दिल्ली ।**

भारत में पोको एक्स6 5जी को काफी सस्ते दाम पर खरीदने का मौका दिया जा रहा है।अमेज़न के मोबाइल सेगमेंट पेज पर कई फोन पर दमदार डील दी जा रही है।यहीं पर लाइव हुए एक बैनर से पता चला है कि पोको एक्स6 5जी को 24,999 रुपये के बजाए 17,999 रुपये में खरीदा जा सकता है.यानी कि इसकी खरीद पर करीब 7000 रुपये का फायदा पाया जा सकता है। बता दें कि इस कीमत के साथ बैंक ऑफर जुड़ा हुआ है।इस फोन की सबसे खास बात इसका 120एचझेड अमोलेड डिस्प्ले दी गई है।अगर आपके बजट में ये फोन हैं और नया फोन खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं तो आइए इस फोन के सभी फीचर्स के बारे में जान लेते हैं.पोको एक्स6 5जी मोबाइल में यूज़र्स को 6.67 इंच का 1.5के अमोलेड डॉट डिस्प्ले दिया गया है।इसपर 120एचझेड रिफ्रेश रेट, 2160 एचझेड टच सैंपलिंग रेट, 1800 निट्स पीक ब्राइटनेस और सेफ्टी के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास का प्रोटेक्शन मिल जाता है।परफॉरमेंस के लिए फोन में ऑक्टा कोर 2.4जीएचझेड वाला स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 चिपसेट मिलता है।यह चिप 4 नैनोमीटर प्रोसेस पर बेस्ड है इसके साथ एन्ड्रेनो 710 जीपीयू भी मौजूद है। पोको एक्स6 5जी स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड एमआईयूआई 14 पर काम करता है। पावर के लिए इस फोन में तगड़ी 5,100एमएएच की बैटरी दी गई है, और इसको चार्ज करने के लिए 67वॉट की टर्बो चार्जिंग मिलती है।कनेक्टिविटी के लिए इसमें डुअल सिम 5जी, 4जीएलटीई, वाई-फाई, ब्लूटूथ 5.2 जैसे कई फीचर्स मिल जाते हैं।डिवाइस में डुअल स्पीकर, डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट दिया गया है।कैमरे के तौर पर पोको एक्स6 में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप मिलता है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबलाइजेशन सपोर्ट के साथ 64 मेगापिक्सल का प्राइमरी, 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड एंगल लेंस और 2 मेगापिक्सल का माइक्रो सेंसर मिलता है।वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए फोन में 16 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा सपोर्ट मिलता है।

# बैंकों में पड़े 78,213 करोड़ रुपए का कोई दावेदार नहीं

### आरबीआई की सालाना रिपोर्ट में सामने आया आंकड़ा

**नई दिल्ली ।** देशभर के बैंकों में हजारों करोड़ रुपए यूं ही पड़े हैं। इन हजारों करोड़ रुपए का कोई दावेदार ही नहीं है। एक ताजा आंकड़ों में यह सामने आया कि बैंकों में बिना दावे वाली जमा राशि सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च 2024 के आखिर तक 78,213 करोड़ रुपए हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की गुरुवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च 2023 के आखिर में जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष में राशि 62,225 करोड़ रुपए थी। सहकारी बैंकों सहित सभी बैंक, खाताधारकों की 10 या अधिक वर्षों से उनके खातों में पड़ी हुई दावा न की गई जमाराशियों को आरबीआई के जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता (डीईए) कोष में ट्रांसफर करते हैं।

आरबीआई ने खाताधारकों की सहायता के लिए और निष्क्रिय खातों पर मौजूदा अनुदेशों को समेकित तथा युक्तिसंगत बनाने के मकसद से इस वर्ष की शुरुआत में बैंकों द्वारा अपनाए जाने वाले उपायों पर व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए थे।

आरबीआई ने कुछ माह पहले ही कहा था कि करीब 30 बैंक, लोगों को उद्गम पोर्टल के द्वारा बिना दावे वाली जमा राशि/खातों का पता लगाने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। उद्गम यानी बिना दावे वाली जमा के बारे में सूचना तक पहुंचने का एंट्री गेट ऑनलाइन पोर्टल है। यह आरबीआई ने ही तैयार किया है।

## दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली ।** तेज धूप और भीषण गर्मी का सामना कर रही राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की अधिकतम मांग अपने अब तक के उच्चतम स्तर 8,302 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली वितरण कंपनियों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली के इतिहास में पहली बार बिजली की अधिकतम मांग ने 8,300 मेगावाट का आंकड़ा पार किया है। बिजली वितरण कंपनियों ने इस साल की गर्मियों में अधिकतम मांग का आंकड़ा 8,200 मेगावाट तक रहने का अनुमान लगाया था। बिजली खपत संबंधी ब्योरा दर्ज करने वाले स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी), दिल्ली के मुताबिक, शहर में बिजली की उच्चतम मांग 8,302 मेगावाट रही। इससे पहले 22 मई को बिजली की अधिकतम मांग ने 8,000 मेगावाट का आंकड़ा छुआ था। राजधानी दिल्ली पिछले 10 दिन से कड़कड़ाती धूप और भीषण गर्मी से जूझ रही है। इस दौरान शहर के कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब तक पहुंच चुका है।



## ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स को खरीदने का आज अंतिम मौका

**मुंबई ।**

ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बाजार में काफी अच्छी मांग है। इसके साथ ही कंपनी बिक्री को और बढ़ाने के लिए लगातार ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर भी लेकर आती रहती है। इस बार कंपनी ओला एस1 एक्स को सस्ते में खरीदने का मौका दे रही है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 69,999 रुपए है, लेकिन इस पर 40,000 रुपए तक के एक्सचेंज ऑफर का फायदा उठाया जा सकता है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर पर 40000 रुपए तक का एक्सचेंज डिस्काउंट मिल रहा है, लेकिन ये पेट्रोल वेरिएंट के एक्सचेंज पर मिलेगा। इस ऑफर की ज्यादा जानकारी कंपनी के नजदीकी शोरूम से पता की जा सकती है। इसके अलावा कंपनी की ओर से जो ऑफर दिया जा रहा है, उसमें 5000 रुपए की छूट मिल रही है। ये ऑफर केवल 31 मई तक वैलिड है।

## बैंकों, कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से जीडीपी वृद्धि मजबूत बनी- आरबीआई




**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को कहा कि मजबूत निवेश मांग की वजह से देश की जीडीपी वृद्धि मजबूत बनी है। इसे बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामक तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है। आरबीआई की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक और वित्तीय परिवेश का सामना कर रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि तेज करने की अच्छी स्थिति में है। इसमें कहा गया है` कि कुल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति के निर्धारित स्तर की ओर बढ़ने से खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग मांग में तेजी आएगी। बाह्य क्षेत्र की मजबूती और विदेशी मुद्रा भंडार घरेलू आर्थिक गतिविधियों को वैश्विक प्रभावों से बचाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन, वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, अंतरराष्ट्रीय जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित मौसम संबंधी घटनाक्रम वृद्धि के कम होने और मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम उत्पन्न करती है। आरबीआई ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एआई, एमएल प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने के साथ-साथ बार-बार आने वाले जलवायु झटकों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 617 अंक , निफ्टी 216 अंक गिरा

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट पर बंद हुआ। गत दिवस भी बाजार नीचे आया था। बाजार में ये गिरावट दुनियाभर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी और धातु शेयरों में जमकर बिकवाली हुई जिससे बाजार पर दबावा आया। कारोबार के दौरान बैंकिंग को छोड़कर अधिकतर क्षेत्रों में गिरावट रही। धातु, आईटी, वाहन, फार्मा, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स में गिरावट देखी गई। केवल मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स ही बढ़कर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 617 अंक करीब 0.83 फीसदी नीचे आकर 73,885 अंक और पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 216 अंक तकरीबन 0.95 फीसदी नीचे आकर 22,488 अंक पर बंद हुआ है।

इस दौरान बैंकिंग इंडेक्स निफ्टी बैंक 181 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी ऊपर आकर 48,682 अंक पर बंद हुआ है। कारोबारी सत्र में गिरावट का सबसे ज्यादा प्रभावी मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर हुआ। निफ्टी मिडकैप 698 अंक करीब 1.34 फीसदी टूटकर 51,426 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 273 अंक तकरीबन 1.62 फीसदी नीचे आकर 16,612 अंक पर बंद हुआ।

आज कोरोबार के दौरान इंडिया विक्स 24.17 अंक पर करीब सपाट बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयर नुकसान में रहे। इसमें टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, टाइटन, विप्रो, पावर ग्रिड और बजाज फिनसर्व के शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ।




वहीं आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और एलएंडटी के शेयरों को लाभ हुआ और ये ऊपर आये। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से` मिले कमजोर संकेतों और लोकसभा चुनाव नतीजों से पहले बाजार में गुरुवार को गिरावट देखने को मिल रही है। बाजार के प्रमुख इंडेक्स लाल निशान में कारोबार करते दिखे। बीएसई सेंसेक्स 123 अंक गिरकर 74,380.08 के स्तर पर खुला, जबकि एनएसई निफ्टी 44 अंक गिरकर 22,660.90 के स्तर पर खुला। बीएसई पर एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स बने जबकि टाइटन और टाटा स्टील टॉप लूजर्स की लिस्ट में शामिल हुए। इसी तरह एनएसई पर इंडसइंड बैंक, बीपीसीएल शीर्ष लाभ में रहे जबकि टाटा स्टील और एलटीआईमाइंडट्री शीर्ष घाटे में रहे

## एमएसपी ने उत्पादन लागत पर न्यूनतम मुनाफा सुनिश्चित किया: आरबीआई

**मुंबई ।** वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की गुरुवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि 31 मार्च 2024 तक खाद्यान्नों का समग्र सार्वजनिक भंडारण कुल तिमाही भंडारण मानक का 2.9 गुना था। सरकार ने 29 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न के मुफ्त वितरण की योजना को एक जनवरी 2024 से पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। रिपोर्ट में कहा कि असमान तथा कम दक्षिण-पश्चिम मानसून (एसडब्ल्यूएम) वर्षा के साथ ही अल नीनो की स्थिति के मजबूत होने से कृषि और संबद्ध गतिविधियों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। समग्र एसडब्ल्यूएम वर्षा 2023 जून-सितंबर में अखिल भारतीय स्तर पर दीर्घावधि औसत (एलपीए) से छह प्रतिशत कम हुई। दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 में खरीफ और रबी खाद्यान्न का उत्पादन पिछले वर्ष के अंतिम अनुमानों से 1.3 प्रतिशत कम था। रिपोर्ट में कहा गया कि उत्पादकता में वृद्धि से मोटे अनाज के उत्पादन को लाभ हो सकता है। वित्त वर्ष 2023-24 में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में 5.3-10.4 प्रतिशत और रबी फसलों के लिए 2.0-7.1 प्रतिशत की वृद्धि की गई। खरीफ फसलों में मूंग के एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, जबकि रबी फसलों में मसूर तथा गेहूं के एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि हुई।

# एडलवाइस समूह की एआरसी और एनबीएफसी पर आरबीआई ने कसा शिकंजा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एडलवाइस समूह की परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी को वित्तीय परिसंपत्तियां एवं सिक्योरिटी रिसीट लेने से रोक दिया।

आरबीआई ने समूह की गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई ईसीएल फाइनैंस को अपने सामान्य कामकाज के दौरान पुनर्भुगतान अथवा खातों को बंद करने के अलावा थोक निवेश वाला कोई भी लेनदेन करने से रोक दिया। एडलवाइस ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसी) को मौजूदा एसआर को वरिष्ठ एवं अधीनस्थ श्रेणियों में पुनर्गठित करने से भी रोक दिया गया है। आरबीआई ने समूह पर जो आपत्ति जताई है उन्हें दूर करने के प्रयासों से यदि केंद्रीय बैंक संतुष्ट हो जाता है तो इन प्रतिबंधों पर पुनर्विचार किया जा सकता है। नियामक ने इस कार्रवाई के लिए बुनियादी चिंताओं का हवाला देते हुए कहा है कि रखने के लिए समूह की कंपनियों द्वारा साथ मिलकर काम किए जाने से चिंता पैदा होती डूबते ऋण को बरकरार है।




आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई पर्यवेक्षी जांच के दौरान दिखी चिंताओं पर आधारित है। ये चिंताएं ईसीएल के डूबते ऋण को बरकरार रखने के लिए समूह की कंपनियों द्वारा साथ मिलकर काम करने के आचरण से उत्पन्न होती हैं। इसके तहत ईएआरसीएल एवं संबंधित एआईएफ के प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए ईसीएल के दबावग्रस्त ऋण को बरकरार रखने के लिए नियमों को नजरअंदाज किया जा रहा है। एडलवाइस एआरसी आरबीआई में पंजीकृत एक बड़ी परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी है। उसकी कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) मार्च 2024 के अंत में 31,590 करोड़ रुपये थीं, जो एक साल पहले की 37,100 करोड़ रुपये के मुकाबले कम हैं।


## रेटिंग एजेंसी ने देश के 6 बैंकों की रेटिंग अपग्रेड की

**नई दिल्ली।**

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भारत के इकोनॉमी ग्रोथ की रेटिंग अपग्रेड करने के साथ ही भारत के 6 बैंकों की रेटिंग को भी अपग्रेड कर दी। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार भारत के कई बैंकों की रेटिंग भारत के सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग से जुड़ी हुई है। अगर सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में बदलाव होता है तो इसका प्रभाव बैंकिंग सेक्टर पर भी दिखाई देता है। देश की अर्थव्यवस्था तय करती है` कि बैंक का कारोबार पॉजिटिव है या नेगेटिव है। एसएंडपी ग्लोबल एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंडियन बैंक की रेटिंग को अपग्रेड किया है। रेटिंग फर्म ने इन बैंक की रेटिंग को ट्रिपल बी माइनस लॉन्ग टर्म और ए 3 शॉर्ट टर्म रेटिंग पर स्थिर रखा है। वहीं इन बैंक की रेटिंग आउटलुक को स्टेबल से पॉजीटिव कर दिया है। एसएंडपी ग्लोबल ने एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के स्टैंड अलोन क्रेडिट प्रोफाइल को भी अपग्रेड कर दिया है। इन बैंक के स्टैंड अलोन क्रेडिट प्रोफाइल को एक स्टेप ऊपर किया गया है। एसएंडपी ग्लोबल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बैंकिंग सेक्टर में अगर दबाव आता है तो इससे कर्ज में कमी आ सकती है। ऐसे में कहा जा रहा है कि 31 मार्च 2025 तक यह 3 फीसदी पर आ जाएगी। गौरतलब है कि 31 मार्च 2024 तक ग्रॉस लोन 3.5 फीसदी था।

## इस साल 100 लाख टन चने का कम उत्पादन

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकारियों का मानना है। इस वर्ष 100 लाख टन चने का कम उत्पादन होगा। वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 के वर्तमान सीजन में 121160 लाख टन चने के उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। 2022-23 की तुलना में यह 100 लाख टन कम है। पहली बार चने के दाम 7000 टन की सीमा को पार कर गए हैं। सरकार को समर्थन मूल्य पर चना खरीदना और बफर स्टॉक करना मुश्किल हो गया है।भाव को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने अक्टूबर तक आयात शुल्क से चना को मुक्त कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और तंजानिया में भी इस बार चने की फसल सीमित हुई है। यह दोनों देश चने का निर्यात करते हैं। जिसके कारण आयात भी बहुत धीमी गति से हो रहा है। मांग ज्यादा है, आपूर्ति कम हो रही है। जिसके कारण आने वाले समय में चने का भाव और तेजी के साथ बढ़ सकता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in